दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 268 जयपुर, शुक्रवार, 06 सितंबर, 2024 । भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-तृतीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## हाल-ए-मौसम: राजधानी सहित 16 शहरों में बारिश... बूंदी, भीलवाड़ा-शाहपुरा में झमाझम

# जयपुर में 24 घंटों में सवा इंच बारिश... शाम को सड़कें बनी दरिया

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में गुरुवार को दिनभर रह-रहकर बारिश का दौर चला। जयपुर में सुबह बारिश होने के बाद दिनभर हल्के से मध्यम बादल छाए रहे और हल्की धूप भी खिली। दोपहर बाद मौसम पलटा और काले घने बादल छाने के साथ जयपुर में शाम को तेज बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भर गया। बारिश के दौरान बिजली कड़कने के साथ ही तेज हवाएं भी चली। पानी भरने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जयपुर में बुधवार शाम से गुरुवार शाम तक 35 मिमी बारिश दर्ज की गई। इधर, राजधानी के लिए शाम एक खुश खबरी भी लाई कि शहर का प्रमुख पेयजल स्रोत बीसलपुर बांध लबालब होने वाला है। संभवतः एक दो दिन में छलक सकता है। गुरुवार शाम इस बांध का जलस्तर 315:35 आरएल मीटर दर्ज हुआ।

उधर, प्रदेशभर में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को जयपुर सहित करीब 16 शहरों में बारिश हुई। बूंदी, भीलवाड़ा और शाहपुरा में तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सवाई माधोपुर में तेज बारिश के चलते एक मकान ढह गया। मलबे में दबने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं, बूंदी में बाढ़ के हालात हैं। यहां कई गांव डूबे हुए हैं। बूंदी में गुरुवार को कई जगहों पर अच्छी बारिश हुई।

**खुश खबरी: बीसलपुर बांध छलक सकता है एक दो दिन में**




### 10 सितंबर से धीमा पड़ेगा बारिश का दौरा

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक पूर्वी राजस्थान के ऊपर बना परिसंचरण तंत्र उत्तर पश्चिम यूपी व हरियाणा क्षेत्र के ऊपर स्थित है। एक कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी व आंध्रप्रदेश, उड़ीसा क्षेत्र के ऊपर बन गया है। पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में आगामी 4-5 दिन मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। दक्षिणी व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश आगामी 4-5 दिन जारी रहने की प्रबल संभावना है। 10 सितंबर से भारी बारिश में कमी होने की संभावना है।

### बीसलपुर बांध के आज खुल सकते हैं गेट

बीसलपुर बांध में लगातार पानी की आवक जारी है। बीसलपुर बांध छलकने को तैयार है। बीसलपुर बांध के गेट खोलने के लिए प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। बीसलपुर प्रशासन ने आमजन के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। कि बीसलपुर बांध भरने की कगार पर है। ऐसे में बांध की तलहटी सहित आगामी बहाव क्षेत्र के आस-पास न जाए। गुरुवार को बीसलपुर बांध में 37 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई। त्रिवेणी नदी चार मीटर पर बह रही है। बीसलपुर बांध का जलस्तर 315.35 आरएलमीटर दर्ज किया गया। कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि शुक्रवार को बांध के गेट खोले जा सकते है। इसको लेकर अधिकारियों से चर्चा की जा रही है। बांध के गेट खोलने से बनास नदी का जल स्तर बढ़ सकता है। ऐसे में कोई जनहानि न हो, इसके लिए बनास में आवाजाही बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जरूरी खबर

### विकिपीडिया को कोर्ट की फटकार, थमाया नोटिस




**नई दिल्ली**। दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को विकिपीडिया को कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया। कोर्ट ने संस्थान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह भारतीय न्यायापालिका की बातों को नहीं मानेगा तो भारत में उसका व्यवसाय बंद करने के लिए सरकार को निर्देश देगा। कोर्ट ने कहा, "अगर भारत पसंद नहीं है तो यहां से अपना बंद कर लीजिए।" दरअसल, यह मामला एक न्यूज एजेंसी से जुड़े केस से संबंधित है। एजेंसी के विकिपीडिया पेज पर किसी ने अपमानजनक एडिट कर दिया था।

### अफसरों अब रोजाना नहीं कर सकेंगे वीसी



**जयपुर**। सीएस सुधांश पंत ने आदेश दिया है कि अब कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी रोजाना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नहीं करें। कलेक्टर्स समेत अन्य अधिकारियों की वीसी और मीटिंग का दिन और समय फिक्स कर दिया गया है। तय दिन और समय के अलावा मीटिंग नहीं होगी। ऐसा इसलिए किया है ताकि अलग-अलग दिन और अलग-अलग समय पर होने वाली बैठकों के कारण कलेक्टर्स का रूटिन का काम प्रभावित न हो। इसके लिए सप्ताह में एक दिन दो घंटे के लिए समय को चुना गया है।

(विस्तृत समाचार पेज 3 पर)

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## बिड़ला सभागार में हुआ राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

# विकसित राजस्थान की यात्रा में शिक्षक बड़े साझेदार: सीएम शर्मा

## गुरु-शिष्य की परंपरा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग

- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध
- प्रदेश में 55,800 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित
- विद्यालय क्रमोन्नयन में नहीं होगी कमी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं, वे नई पीढ़ी में चरित्र-निर्माण की मजबूत नींव डाल कर सक्षम नागरिक रूपी भवन का निर्माण कर रहे हैं। उनकी शिक्षा-ज्ञान से ही मनुष्य विचारशील और करुणा व सहानुभूति के भाव से समृद्ध होता है और एक प्रगतिशील व समावेशी समाज बनाता है।

शर्मा गुरुवार को बिड़ला सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है। शिक्षक प्रतिबद्धता और परिश्रम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं और समर्पण एवं निष्ठा से विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध बनाते हैं। इस समारोह में प्रदेश के चुनिंदा 146 शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

**बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम में 1 लाख विद्यार्थी लाभान्वितः** शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राजकीय विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, लैब, पुस्तकालय, शौचालयों के निर्माण के लिए 350 करोड़ रुपए और 750 स्कूलों की बिल्डिंग की मरम्मत के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। साथ ही, हम स्कूल और कॉलेज में बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम के माध्यम से 1 लाख छात्रों को लाभान्वित कर रहे हैं। आगामी दो वर्षों में हम 20 आईटीआई और 10 पॉलिटेक्निक कॉलेज भी खोलेंगे।




### कुलपतियों को कुलगुरु की पदवी से नवाजेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उनके असाधारण व्यक्तित्व एवं शिक्षा में उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य संबंध की समृद्ध परंपरा को पुनर्जीवित करने के क्रम में राज्य सरकार विश्वविद्यालय के कुलपतियों को कुलगुरु की पदवी से नवाजे जाने की परंपरा शुरू करने जा रही है।

### विकसित राजस्थान के निर्माणकर्ता हैं शिक्षक

शर्मा ने कहा कि प्रदेश के शिक्षक अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा प्रतिभाशाली हैं। उनमें प्रदेश के शिक्षा के ढांचे को और उन्नत करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के योगदान से प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में शीघ्र ही सिरमौर बनेगा। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जहां भी आवश्यकता होगी वहां विद्यालयों का क्रमोन्नयन होगा और नए विषय भी प्रारंभ होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में परंपरागत शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ नवाचारों के लिये भी राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग ने 70 हजार विद्यालयों के 80 लाख विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण सर्वे करवाया गया है।

### पुस्तिका और शिविरा का विमोचन

समारोह में मुख्यमंत्री ने 11 मेधावी विद्यार्थियों को निशुल्क टैबलेट वितरित किए और शिक्षक सम्मान पुस्तिका एवं शिविरा का विमोचन भी किया। प्रदेशभर में 55,800 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा शाला स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई। समारोह को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, मेयर सौम्या गुर्जर आदि उपस्थित थे।

### अपने गुरु को देख भावुक हुए सीएम, बोले... गुरु बिन सब सून

समारोह में मुख्यमंत्री शर्मा अपने शिक्षक शंकरलाल शर्मा



को देखकर भावुक हो गए। वे मंच से उतरे, गुरु के चरण स्पर्श किए, उन्हें अपने निकट बैठाया एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। सीएम ने कहा कि शिक्षक अपने शिष्यों की सफलता के लिए अथक परिश्रम करते हैं। वे एक कुम्हार की तरह होते हैं जो मिट्टी को अपने अनुभव से गूंथता है और एक सुंदर प्रतिमा बनाता है। उनके समर्पण का कोई मोल नहीं है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने बाल्यकाल में शिक्षा प्राप्त करने के अनुभव भी मंच से साझा किए।

## सिक्किम में बड़ा हादसा

# खाई में गिरा सेना का वाहन, 4 जवान शहीद



**एजेंसी** | गंगटोक

सिक्किम में बड़ा हादसा हुआ है। यहां सेना का वाहन हादसे का शिकार हो गया है। इसमें चार जवानों ने जान गंवाई है। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब सेना का वाहन पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के पाकयोंग जिले में सिल्क रूट से जुलुक जा रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, सेना का वाहन सड़क से फिसलकर खाई में 700 से 800 फीट नीचे गिर गया। हादसा दलोपचंद दारा के पास वर्टिकल वीर में हुआ।

यह सिल्क रूट के नाम से मशहूर रेनॉक रोंगली हाईवे के पास पड़ता है। मृतकों में मध्य प्रदेश के रहने वाले ड्राइवर प्रदीप पटेल, मणिपुर के रहने वाले क्राफ्टमैन डब्लू पीटर, हरियाणा के रहने वाले नायक गुरसेव सिंह और तमिलनाडु के रहने वाले सूबेदार के थंगापंडी शामिल हैं। ड्राइवर समेत सभी जवान पश्चिम बंगाल के बिनागुड़ी से एनरूट मिशन कमांड यूनिट के थे। हादसे की सूचना मिलते ही सेना के अधिकारी और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे के कारण का अभी तक पता नहीं चला है। इस हादसे को लेकर अभी तक भारतीय सेना की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### लद्दाख में भी हुआ था ऐसा हादसा

बीते साल लद्दाख में भी ऐसा ही दर्दनाक हादसा हुआ था। अगस्त मेंभारतीय सेना का एक वाहन हादसे का शिकार हुआ था। ये दुर्घटना लेह के पास क्यारी गांव में हुई थी। यहां सेना का वाहन खाई में गिर गया था। इस हादसे में नौ जवानों ने जान गंवाई थी। इसमें एक जेसीओ (जूनियर कमीशन अफसर) भी थे।

## तेलंगाना: मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर

**बीजापुर**। तेलंगाना के कोत्तागुड़ेम इलाके में गुरुवा सुबह ग्रे-हाऊंड्स के जवानों ने नक्सलियों से हुई मुठभेड़ छह नक्सलियों को ढेर कर दिया। जवानों ने इस सर्च आपरेशन में मारे गए नक्सलियों से हथियार भी बरामद कर लिए हैं। मारे गए 6 नक्सलियों से हथियार बरामद जवानों ने किया है। सर्चिंग के दौरान जवानों को आटोमैटिक हथियार और नक्सल सामान मिला है। जवानों ने मुठभेड़ के दौरान



6 वर्दीधारी माओवादियों को मार गिराया था। वहीं दो जवान भी घायल हुए थे, जिसमें एक की हालत गंभीर थी। दोनों को बेहतर इलाज के लिए भद्राचलम जिला हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध विराम के प्रयास

# पीएम मोदी बन सकते हैं शांतिदूत, पुतिन यूक्रेन से बातचीत को तैयार

- मोदी की रूस-यूक्रेन की यात्रा से जगी शांति की उम्मीद
- पुतिन ने कहा-भारत-चीन और ब्राजील कर सकते हैं मध्यस्थता
- पुतिन रजामंद, लेकिन यूक्रेन की जमीन छोड़ने को तैयार नहीं

**एजेंसी** | मॉस्को

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और यूक्रेन की यात्रा के बाद विश्व को शांति की उम्मीद जगी है। इस यात्रा का असर ही माना जा रहा है कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन पिघले हैं और वे समझौते के संबंध में यूक्रेन से बातचीत के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार पुतिन ने कहा है कि भारत, चीन या ब्राजील दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर सकते हैं। रूस के शहर व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि 2022 में जब जंग शुरू हुई थी, तब तुर्किये ने दोनों देशों के बीच समझौता कराने की कोशिश की थी। हालांकि, उन शर्तों को कभी लागू नहीं किया गया था। अब नए सिरे से बातचीत शुरू करने के लिए पिछली कोशिश को आधार बनाया जा सकता है।







### अलबत्ता, पुतिन ने शर्तें भी बताईं

फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के एक महीने बाद रूस और यूक्रेन के बीच तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल में कई दौर की बातचीत हुई थी। इसका मकसद जंग रोकना था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जंग रोकने के लिए दो शर्तें रखी थीं। उन्होंने कहा था कि यूक्रेन को दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसोन और जपोरजिया से अपने सैनिक हटाने होंगे। इसके अलावा यूक्रेन कभी भी नाटो का हिस्सा नहीं बनेगा। हालांकि यूक्रेन ने इन शर्तों को मानने से इनकार कर दिया था।

### जेलेंस्की कह चुके, 'भारत में करवा सकते हैं पीस समिट'

पुतिन का यह बयान तब आया है जब पीएम मोदी करीब 2 महीने पहले 8 जुलाई को रूस के दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने पुतिन से जंग रोकने पर चर्चा की थी। इसके कुछ समय बाद पीएम मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन का भी दौरा किया था। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत में दूसरा पीस समिट करवाने की इच्छा जाहिर की थी।

### ये कहा था प्रधानमंत्री मोदी ने

बता दें, जेलेंस्की के साथ बैठक में पीएम मोदी ने कहा था, 'भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने मीडिया के सामने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है।' बता दें, पीएम मोदी की रूस और यूक्रेन की यात्रा से पूर्व इस जंग से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े देश उनकी और आशाभरी दृष्टि से देखने लगे थे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि मोदी युद्ध रुकवाने के लिए पुतिन को मना सकते हैं।

## जरूरी खबर

### पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पहुंचीं सवाई माधोपुर



**जयपुर।** प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे सिंधिया ने गुरुवार को अचानक सवाई माधोपुर का दौरा किया। वसुंधरा राजे के सवाई माधोपुर पहुंचने की सूचना के बाद होटल में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी उनका सम्मान करने पहुंचे। वसुंधरा राजे ने जोधपुर के प्रसिद्ध कथावाचक मुरलीधर महाराज का आशीर्वाद लिया और उनसे मंत्रणा की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे झालावाड़ से धौलपुर जा रही थीं।

### न्यायालय का स्थापना दिवस 9 सितंबर को

**चाकसू।** दी बार एसोसिएशन चाकसू द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला सिविल न्यायालय चाकसू का स्थापना दिवस 9 सितंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बार एसोसिएशन अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा व महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान हाई कोर्ट जस्टिस अनिल कुमार उपमन मुख्य अतिथि होंगे। विधि मंत्री जोगाराम पटेल अति विशिष्ट होंगे। अध्यक्षता नंदिनी व्यास जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा व देवेंद्र सिंह पंवार, प्रियंका पारीक, स्वाती व्यास मौजूद रहेंगे।

### सिक्किम के राज्यपाल पहुंचे रैवासा धाम



**जयपुर।** सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर गुरुवार को सीकर के रैवासा धाम पहुंचे, जहां उन्होंने पीठाधीश्वर राघवाचार्य के निधन पर संवेदना व्यक्त की। राज्यपाल ने राघवाचार्य के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किए और रैवासा धाम के वर्तमान पीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी भी उनके साथ मौजूद रहे। माथुर ने कहा कि जवानी के दिनों से ही मेरा राघवाचार्य महाराज से काफी जुड़ाव रहा है। उनके साथ मिलकर गांव-गांव ढाणी-ढाणी जाकर राष्ट्रहित के लिए काफी काम किया है। इस क्षेत्र के लिए उनका बहुत बड़ा आशीर्वाद था, जो अब उनके साथ चला गया, लेकिन हम सब मिलकर उनके सपने को पूरा करेंगे।

---

**किशनगढ़ के CUR में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने की शिरकत, बोले...**

# ‘शिक्षा ऋषियों से मिला ऋण, इसे चुकाना हम सभी का उत्तरदायित्व’

**बेधड़क | जयपुर**

मार्बल सिटी किशनगढ़ के बांदर सिंदरी स्थित राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने कहा कि शिक्षा के रूप में हमें ऋषियों से ऋण मिला है। इसे चुकाना हम सभी का उत्तरदायित्व है। राज्यपाल ने ‘आजादी के मतवाले’ प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इसमें राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व त्याग करने वाले देशभक्तों के योगदान को प्रदर्शित किया गया था। उन्होंने कहा कि 1857 से लेकर 1947 तक करीब नब्बे साल का आजादी का इतिहास सभी को पढ़ना चाहिए। खुदीराम बोस और अनंत कान्हेरे की आयु 16 से 19 वर्ष की ही थी।




इन्हें याद करके युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रदर्शन देखकर बहुत अच्छा अनुभव हुआ है। शिक्षक बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं। वे हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहा करते थे कि व्यष्टि और समष्टि को जोड़ने वाला प्रथम सूत्र शिक्षक है। वे शिक्षा को समाज की जननी मानते रहे हैं।

### बख्तियार ने जला दिया था नालंदा

राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता हमारी सर्वोच्छ प्राथमिकता होना चाहिए। किसी भी राष्ट्र के लिए वहां की उच्च शिक्षा समृद्ध सांस्कृतिक और वैज्ञानिक संपत्ति है। इससे विद्यार्थियों का व्यक्तिगत विकास ही नहीं होता बल्कि देश भी आर्थिक, तकनीकी और सामाजिक रूप में सुदृढ़ होता है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 के लिए कई लक्ष्य निर्धारित किए हैं। उनमें एक है देश के विश्वविद्यालयों में विदेश से भी विद्यार्थी पढ़ने के लिए आएं। बहुत पहले विदेशी विद्यार्थी नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए आते थे। बख्तियार खिलजी ने नालंदा का भव्य दिव्य पुस्तकालय जला दिया। कई महीनों तक वह जलता रहा। आज फिर से नालंदा विश्वविद्यालय का पुर्नजीवन प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। शिक्षा में वही श्रेष्ठता हमें फिर से निर्मित करनी है।

### व्यक्ति की प्रगति का श्रेय शिक्षक को: भालेराव

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने कहा कि भारत में प्राचीन समय से गुरु शिष्य परंपरा रही है। इसके माध्यम से मिले वेद, विज्ञान, कला, ज्योतिष एवं साहित्य के ज्ञान ने भारत को विश्व गुरु बनाया। कणाद की परमाणु संरचना, बौधायन की गणित, चरक की आयुर्वेद, सुश्रुत की शल्य चिकित्सा, वराहमिहिर की खगोल शास्त्र के विषय में की गई खोजों को सभी याद करते हैं। डॉ. नीरज गुप्ता ने कहा कि टीचर एक्सीलेंस अवॉर्ड की शुरुआत वर्ष 2023 में की गई थी। इस वर्ष भारत के 15 राज्यों से कई नामांकन प्राप्त हुए थे। प्रथम चरण में इनमें से 47 का चयन किया गया। द्वितीय चरण के बाद 12 शिक्षकों को अंतिम चयन के लिए चुना गया। इनमें से 4 शिक्षकों का सम्मान किया गया। आईआईटी रूड़की के प्रो. कौशिक पाल, आईआईटी दिल्ली के प्रो. कुमार नीरज झा, केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा की डॉ. अनिता कुमारी और एमएनआईटी जयपुर की डॉ. निरजा सारस्वत को टीचर एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए. रविंद्र नाथ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

---

**सीएम भजनलाल ने किया दो दिवसीय बिजनेस समिट का शुभारंभ**

# ‘राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश बनेगा निवेश का हब’



**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार उद्योगपतियों के लिए निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने तथा हर सेक्टर में निवेश को आकर्षित करने के लिए दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य को आर्थिक विकास और निवेश के हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सीएम शर्मा गुरुवार को जयपुर में आयोजित दो दिवसीय बिजनेस समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समिट के आयोजन से विचारों का आदान-प्रदान कर अवसरों की पहचान की जाएगी तथा नई-नई साझेदारियां बनाई जाएंगी।

उन्होंने आशा जताई कि इस दो दिवसीय समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए सकारात्मक सुझाव प्राप्त होंगे जिस पर अमल कर राजस्थान देश के अग्रणी प्रदेशों में शुमार हो सकेगा तथा 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के विजन को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक फिल्म निर्माता ने राजस्थान में फिल्म सिटी की जरूरत के बारे में बताया तो सरकार द्वारा चार घंटों में ही जमीन चिह्नित कर उसके आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। हमारी सरकार महीनों और दिनों में नहीं घंटों में राज्य के विकास के लिए निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उद्यमियों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपए के एमओयू कर ज्वाइंट वेंचर बनाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारी सरकार केवल एमओयू साइन करने में ही नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने में विश्वास रखती है।

### सार्वजनिक-निजी भागीदारी से औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को लाभदायक माहौल देने के लिए लगातार नई नीतियां बनाई जा रही हैं। राजस्थान औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन योजना, निर्यात प्रोत्साहन योजना, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस नीति, डेटा सेंटर नीति और एमएसएमई नीति इसी दिशा में हमारे ठोस प्रयासों का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी से औद्योगिक विकास को गति मिलती है। पीपीपी मॉडल से बड़ी औद्योगिक परियोजना एवं सुदृढ आधारभूत ढांचे के विजन को पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज निवेश पोर्टल के माध्यम से अब कोई भी निवेशक दुनिया के किसी कोने से प्रदेश में निवेश के लिए आवेदन कर सकता है।

### प्रदेश की भौगोलिक स्थिति निवेशकों के लिए फायदेमंद

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा राज्य है तथा आर्थिक दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य में सोना, लौह अयस्क, कच्चा तेल, प्राकृतिक स्टोन, यूरेनियम और लिथियम जैसे खनिज संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही राजस्थान मसालों, सुगंधित फसलों एवं मोटे अनाज के उत्पादन में अग्रणी हैं। अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों से उद्योगपतियों के लिए यहां निवेश करना फायदेमंद साबित होगा।



### राइजिंग राजस्थान से उद्यमियों के लिए निवेश की राह होगी आसान

सीएम ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों को अनुकूल वातावरण देने के लिए 9 से 11 दिसंबर तक ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा आयोजन को सफल बनाने और दुनिया भर के उद्यमियों को इससे जोड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर रोड शो और इंवेस्टर मीटिंग का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में मुंबई में आयोजित पहले इंवेस्टर मीट में निवेशकों का अपार उत्साह देखने को मिला और इसमें 4.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्ट अप इंडिया जैसे अनेक ऐसे कार्यक्रम संचालित किए हैं। इससे देश में औद्योगिक विकास बढ़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गत 8 माह में उद्योगपतियों के लिए निवेश का अनुकूल माहौल तैयार किया जा रहा है।

---

# मदन राठौड़ ने किया डांडिया महारास के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नवरात्रि फेस्टिवल के तहत वैशाली नगर में आगामी 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले डांडिया महारास 2024 के पोस्टर का विमोचन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, त्योहारों के महत्व को साकार करते हुए पिछले 13 वर्षों से इस डांडिया महारास का आयोजन किया जाना प्रशंसनीय है। डांडिया महारास के डायरेक्टर पवन टांक ने बताया कि गांधी पथ वैशाली नगर में 9 से 11 अक्टूबर को प्रतिदिन शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ नौ कन्याओं के पूजन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री जसवंत सिंह विश्नोई, भाजपा युवा नेता नरेश ओझा एवं डांडिया महारास के सहयोगी नवीन मंडा, प्रशांत पौद्दार, राम टेलर उपस्थिति रहें।

---

**‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों की समीक्षा**

# नई नीतियों को जल्द से जल्द दें अंतिम रूप: पंत

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरुवार को ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 से जुड़े सभी विभागों के प्रमुखों को राज्य में निवेश को सुविधाजनक बनाने, अपने क्षेत्रों के निवेशकों के साथ एमओयू करने और संबंधित विभागीय प्री-समिट को अच्छे से अच्छे तरीके से आयोजित करने का निर्देश दिया। विभिन्न क्षेत्रों के विभागीय प्री-समिट अक्टूबर-नवंबर में आयोजित किए जाने हैं।

सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ एक उच्च-स्तरीय मीटिंग में ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभागों को कमर कसने की जरूरत है। बैठक में मुख्य सचिव ने सभी विभागों के प्रमुखों को उनके विभाग से संबंधित निवेश योग्य अवसरों की सूची को प्राथमिकता के आधार पर



जांच व विस्तार करने और अपने विभाग की नई नीतियों को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने को भी कहा। इन क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा उत्पादन, शिक्षा, खनन, बुनियादी ढांचे आदि शामिल हैं। मुख्य सचिव पंत की अध्यक्षता में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा लाए जाने वाले नए नीतियों की तैयारी, प्रमुख बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स से जुड़ी बातों और निवेश के अवसरों का भी आकलन किया गया। इस समीक्षा बैठक के दौरान पर्यटन, परिवहन, जल संसाधन, पीएचईडी, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, खान, कृषि, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आईटी आदि कई विभागों के प्रमुख और सचिव मौजूद रहे।

---

**बीरधोल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप प्रतिमा का अनावरण**

# महाराणा प्रताप की वीरता अनमोल धरोहर... प्रेरणा लें युवा: दिया कुमारी

**बेधड़क | जयपुर**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को शाहपुरा जिले के बीरधोल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 2100 किलो अष्ठधातु की 12 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भव्य प्रतिमा हमारे स्वाभिमान, शौर्य और बलिदान के प्रतीक महाराणा प्रताप जी की वीरता की अनमोल धरोहर है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि



राज्य सरकर द्वारा चलाए जा रहे महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के तहत महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित प्रत्येक स्थान पर उनकी भव्य प्रतिमाएं निर्मित की जाएगी एवं सभी स्थानों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आगामी पीढ़ी को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के संघर्षरत जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में देश के लिए कुछ करने का संदेश भी दिया।

साथ ही डिप्टी सीएम ने बीरधोल में बोरड़ा से बीरधोल चौराहे तक 10 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सड़क और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीरधोल में निर्मित हॉल का लोकार्पण किया।

बाद में कोटड़ी में चारभुजा नाथ के दर्शन किए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जहाजपुर में स्वस्ति धाम में भूगर्भ से प्रकटित मुनि सुव्रतनाथ स्वामी के दर्शन किए एवं अर्गहनमति माता स्वस्ति भूषण माता के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक गोपीचंद मीणा, जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कांवट भी मौजूद रहे।



### कोटड़ी चारभुजा के किए दर्शन

दिया कुमारी ने मेवाड़ के प्रसिद्ध शाहपुरा जिले के कोटड़ी कस्बे में स्थित चारभुजा मंदिर में भगवान श्री चारभुजा नाथ के दर्शन कर देश, प्रदेश में अमन चैन व खुशहाली की कामना की। इस दौरान पुजारी ने उप मुख्यमंत्री का उपन्ना ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीणा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिह हाडा सहित श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना व प्रताप युवा शक्ति केंद्र के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### 35 जगह से हटाया अतिक्रमण, 3 ट्रक सामान जब्त



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की सतर्कता शाखा ने 35 स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया है। कार्रवाई के संबंध में उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिसमें रामगंज बाजार से घाट गेट बाजार, संजय बाजार, बापू बाजार, जोहरी बाजार, किशनपोल बाजार, बड़ी चौपड़ से छोटी चौपड़, अजमेरी गेट, रायसर प्लाजा, चांदपोल बाजार, सिविल लाइन मेट्रो स्टेशन, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन, गुर्जर की थड़ी, शांति नगर-B गुर्जर की थड़ी, अजमेर रोड सोडाला तक कुल 35 अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान तीन ट्रक सामान जब्त किया गया और परिवहन शुल्क के रसीद जारी की गई।

### गुरुजी के लिए गिफ्ट लेने जा रहे थे, ट्रक ने कुचला

**जयपुर।** शिक्षक दिवस पर अध्यापक के लिए गिफ्ट और केक लेकर लौट रहे दो छात्रों को लूनियावास स्कूल के सामने कट पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित भीड़ ने रास्ता जामकर प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग की। सूचना पर मौके पर पहुंचकर खोह नागोरियान थाना पुलिस ने लोगो को समझाबुझाकर शांत किया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया। पुलिस के अनुसार लूनियावास निवासी 19 वर्षीय रोहित शर्मा की मौत हो गई, जबकि राहुल शर्मा का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## गणेश चतुर्थी मेले पर यातायात व्यवस्था में बदलाव, पार्किंग की जगह भी की निर्धारित

# आज से तीन दिन वाहन लेकर बाजार जाएं तो जरा संभलकर!

**बेधड़क | जयपुर**

गणेश चतुर्थी पर मोती डूंगरी गणेश मंदिर पर लगने वाले मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए शुक्रवार से रविवार तीन दिन तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

सितंबर 6 को सुबह 11 बजे से 8 सितंबर, मेले की समाप्ति तक त्रिमूर्ति सर्कल से लेकर जेडीए सर्कल के बीच, आरबीआई तिराहा से गणेश मंदिर के बीच तख्तेशाही रोड, धर्म सिंह सर्कल से गणेश मंदिर की तरफ आवागमन बंद रहेगा। समानांतर मार्गों पर यातायात डायवर्ट किया जाएगा। नारायण सिंह तिराहा से त्रिमूर्ति सर्कल की ओर जाने वाले सामान्य यातायात को अत्याधिक दबाव होने पर नारायण सिंह तिराहा से सीधा पृथ्वीराज टी प्वाइंट की ओर से डायवर्ट किया जाएगा।


फाइल फोटो

### पार्किंग स्थलों से आने जाने के लिए बस सुविधा

ट्रैफिक पुलिस की ओर से वाहनों की पार्किंग निर्धारित की है। इन पार्किंग वाली जगहों से मंदिर के आस पास तक आने के लिए बस और ई-रिक्शा की सुविधा दी गई है। रामनिवास बाग में वाहन खड़े करने वालों के लिए बस की सुविधा दी गई है। बस से दर्शनार्थियों को त्रिमूर्ति सर्किल तक आने जाने की सुविधा मिलेगी। त्रिमूर्ति सर्किल पर बैरिकेडिंग के आगे पैदल ही मंदिर तक आना होगा। वहीं, दूसरे पार्किंग स्थलों से आने जाने के लिए निशुल्क ई-रिक्शा की सुविधा मिलेगी। इसके लिए मंदिर की ओर से 30 ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है।

### यहां पर सकेंगे वाहनों की पार्किंग

टोंक रोड और भवानी सिंह रोड की तरफ जाने वाले दर्शनार्थी सुबोध कॉलेज के अंदर पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क कर सकेंगे। जेएलएन मार्ग, शांति पथ जवाहर नगर की तरफ से आने वाले दर्शनार्थी वाहनों की पार्किंग यूनिवर्सिटी के कैंपस के अंदर, जेडीए सर्कल से यूनिवर्सिटी कैंपस तक सर्विस लेन में कर सकेंगे। गोविंद मार्ग, रामनिवास बाग की तरफ से परकोटे की तरफ से आने वाले दर्शनार्थी वाहनों की पार्किंग धर्मसिंह सर्कल के मोती डूंगरी रोड, आरोग्य पथ से पुलिस मेमोरियल के पहले जेएलएन मार्ग की सर्विस में एक लाइन में और रामनिवास बाग में जेडीए की भूमिगत पार्किंग में पार्क कर सकेंगे।

### यहां पर नहीं कर सकेंगे वाहन पार्क

त्रिमूर्ति सर्कल से राजापार्क चौराहा तक गोविंद मार्ग और रामबाग चौराहा से जेडीए चौराहा तक, जेडीए चौराहा से तुलसी सर्कल तक,आरोग्य पथ से गांधी सर्कल (जेएलएन मार्ग पर), पृथ्वीराज टी प्वाइंट से रामबाग तक (टोंक रोड), पार्किंग बैन रहेगी।

## सीएस ने तय किया कलेक्टर्स के साथ होने वाली बैठकों का दिन

# अब हर रोज नहीं, मंगलवार को ही वीसी कर सकेंगे अधिकारी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में कलेक्टर समेत अन्य अधिकारियों की वीसी और मीटिंग का दिन और समय फिक्स कर दिया गया है। अब तय दिन और समय के अलावा मीटिंग नहीं होगी। इसके लिए सप्ताह में एक दिन और दो घंटे का समय रखा गया है। यह नियम जिले के कलेक्टर के साथ विभिन्न विभागों के एसीएस, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव संग विभागीय अधिकारियों के लिए लागू होगा। सीएस सुधांश पंत ने ऐसा इसलिए किया है ताकि अलग-अलग दिन और अलग-अलग समय पर होने वाली बैठकों के कारण कलेक्टर्स का रुटीन का काम प्रभावित न हो। इसके साथ ही विभागों के इन सीनियर अधिकारियों (एसीएस, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव) को विभागीय बैठक का भी दिन और समय निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं।

जिलों में कलेक्टर्स के काम प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए मुख्य सचिव ने अब सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों को वीसी करने के लिए मंगलवार का समय निर्धारित किया है। मंगलवार को सुबह 10 से 12 बजे के बीच अलग-अलग विभाग के एसीएस, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव वीसी में भाग लेंगे और अपने-अपने विभागों के कार्यों की समीक्षा और प्रगति रिपोर्ट कलेक्टर्स से लेंगे।




### अलग-अलग मीटिंग किए जाने से होते हैं रुटीन के काम प्रभावित

दरअसल, जिलें में अलग-अलग विभाग पंचायती राज, सामाजिक न्याय अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य की कई फ्लैगशिप स्कीम संचालित होती है। इन फ्लैगशिप स्कीम को कलेक्टर स्तर पर मॉनिटर किया जाता है। इसके अलावा जिलों के कई ऐसे काम जो कलेक्टर के अधीन होते हैं। इन कामों की रिपोर्ट के लिए विभाग हर सप्ताह या 10 दिन में रिव्यू करता है। अलग-अलग समय में अलग-अलग विभाग के अधिकारियों संग होने वाली वीसी में कलेक्टर का अधिकांश समय इन बैठकों में गुजरता है। इससे जिलों में रुटीन के काम प्रभावित होते हैं।

### विभागों को भी टाइम स्लॉट निर्धारित करने के दिए आदेश

मुख्य सचिव ने इस तरह की विभागीय बैठक के लिए भी समय और टाइम स्लॉट निर्धारित करने के निर्देश दिए है। विभागों में एसीएस, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव अलग-अलग स्तर पर रिव्यू बैठकें करते है। इस कारण विभागों में निचले स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का काम भी इन बैठकों से प्रभावित होता है। जनसुनवाई के समय अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी इन बैठकों के कारण विभागों से निकलकर सचिवालय या उच्च स्तर पर अधिकारियों के पास चले जाते है। इसे देखते हुए मुख्य सचिव ने सभी विभागों के प्रमुखों से बैठक के लिए सप्ताह में एक दिन और समय निर्धारित करने के निर्देश दिए है।

## चार दिन पहले हुआ था लापता

# दो घंटे हेलिकॉप्टर से सर्च, फिर भी नहीं मिला राहुल



**बेधड़क | जयपुर**

शास्त्रीनगर इलाके से नाहरगढ़ के चरण मंदिर घूमने जाने की कहकर निकले दो भाइयों में से छोटे आशीष पाराशर का शव पहाड़ियों पर मिला था, लेकिन चार दिन से चल रहे सर्च के बाद भी राहुल को पुलिस नहीं ढूंढ पाई।

गुरुवार को राहुल को तलाशने के लिए हेलीकॉप्टर से पुलिस अधिकारियों ने नाहरगढ़ की पहाड़ियों में दोपहर एक बजे से सर्च किया। दो घंटे सर्च करने के बाद भी राहुल का कोई सुराग नहीं लगा। वहीं आशीष का गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया है। राहुल व आशीष के परिजनों ने कुछ लोगों पर शक भी जताया है। ऐसे में एसआईटी उन सभी लोगों की भूमिका की जांच करेगी। इसके अलावा जिस फाइनेंस कंपनी में दोनों भाई जॉब करते थे। वहां के कर्मचारियों और उनके जॉब को लेकर भी जांच की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जब राहुल और आशीष की कॉल डिटेल खंगाली तो सामने आया कि हादसे वाले दिन आशीष ने अपनी मां को कॉल करने के बाद नाहरगढ़ के गार्ड को भी कॉल किया था। बताया था कि वह रास्ता भटक गया है। वहीं राहुल के मोबाइल से एक लड़की का भी नंबर मिला है। बताया जा रहा है कि हादसे वाले दिन राहुल की इस लड़की से भी बात हुई थी। पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर भी अपने जांच को आगे बढ़ा रही है।

**12 घंटे बाद तक एक्टिव था आशीष का मोबाइल**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आशीष का फोन रास्ता भटकने के बाद 12 घंटे से ज्यादा समय तक चालू था।

## किशनपोल जोन में नगर निगम ने की कार्रवाई

# 2 जर्जर भवन तोड़े, ताकि न हो हादसा

**बेधड़क | जयपुर**

किशनपोल जोन में गुरुवार को नगर निगम ने दो जर्जर इमारतों को गिरा दिया। किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीणा ने बताया कि जर्जर इमारतों के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से समय रहते बचा जा सके। जिन दो इमारतों को गिराया गया है, इन्हें पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे। इनमें पहला निर्माण विद्याधर का रास्ता त्रिपोलिया बाजार में था, जबकि दूसरा निर्माण तेलीपाड़ा महात्मा गांधी स्कूल के पीछे था। मीणा ने बताया कि इन दोनों निर्माण को हटाने के लिए एक्सपर्ट्स की मदद ली गई थी। दोनों ही जगह जेसीबी नहीं पहुंच सकती थी, ऐसे में निगम दस्ते की देखरेख में दोनों निर्माण को ध्वस्त किया गया। बता दें कि जयपुर नगर निगम हेरिटेज में कमिश्नर अभिषेक सुराणा के आदेश के बाद शहर में जर्जर हो चुके निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निगम के अलग-अलग जोन में पुराने और जर्जर हो चुके 153 से ज्यादा भवन मालिकों को नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं।



## खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई कर लिए नमूने

# नकली सरस घी की बड़ी खेप पकड़ी

**बेधड़क | जयपुर**

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई में नकली सरस घी की बड़ी खेप पकड़ी गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान और अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा डीएसटी पुलिस की मदद से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

कंट्रोल रूम पर मिली सूचना के आधार पर स्वेदा डेयरी खो नागोरियान के निकट डीएसटी पुलिस टीम द्वारा एक वेगन आर कार पकड़ी गई, जिसमें अभिषेक गुप्ता पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी आर के पुरम बुद्धसिंहपुरा जयपुर तथा श्यामसुन्दर पुत्र रघुवीरसिंह निवासी गोपालपाड़ा पर्वियावास तहसील लवाण दौसा बैठे थे। ये दुकानों पर सरस घी सप्लाई के लिए लाए थे। प्रथम दृष्टया मिलावटी एवं नकली घी होने के संदेह पर सरस प्रतिनिधियों की टीम को बुलाया गया। उन्होंने जांच की तो हुबहू असली दिख रहा सरस घी नकली निकला। देर रात चली इस कार्यवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता एवं नंदकिशोर कुमावत द्वारा मौके पर मिले तीन अलग अलग बैच के कुल 60 किलो घी में से तीन नमूने एफ एस एस एक्ट 2006 के अंतर्गत जांच के लिए लिए गए। नमूने केन्द्रीय खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 के अनुसार नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।



## जयपुर में 500 जगह लगाए जाएंगे, मेयर सौम्या ने किया उद्घाटन

# छात्राएं शिकायत पिंक पेटी में डालें, तुरंत एक्शन लेंगे

**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम ग्रेटर की ओर से महिलाओं और बालिकाओं को मानसिक, सामाजिक, शारीरिक, डिजीटली मजबूत करने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए शक्तिवंदन 2.0 अभियान शुरू किया है। इसके तहत गुरुवार जेएलएन मार्ग गांधी सर्किल के पास स्थित महिला कॉलेज में छात्राओं को मार्शल आर्ट, निर्भया स्क्वाड, मोटिवेशनल स्पीच और एडवोकेट्स के जरिए महिला सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी।



### छात्राओं के साथ की चर्चा

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि इसके लिए एक ही मंच पर मार्शल आर्ट से जुड़े विशेषज्ञ, निर्भया स्क्वाड इंचार्ज, मोटिवेशनल स्पीच और एडवोकेट्स ने छात्राओं संग चर्चा की और उनके सवालों के जवाब दिए। मेयर ने बताया कि इस अभियान को शुरू करने का उद्देश्य महिला सुरक्षा को मजबूत करना है। मेयर ने बताया कि इस अभियान में 12 अक्टूबर 2024 तक शहर के अलग-अलग कॉलेजों, स्कूलों, कोचिंग सेंटर्स पर इस तरह के सेशन आयोजित किए जाएंगे।

### समारोह में ये रहे मौजूद

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास समिति की चेयरमैन डॉ. मीनाक्षी शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रानू शर्मा, निर्भया स्क्वाड की इंचार्ज एसआई सुनिता चौधरी, एडवोकेट स्वाति अग्रवाल, मनोवैज्ञानिक डॉ. रिचा शर्मा और मार्शल आर्ट एक्सपर्ट रिचा गौड़ मौजूद रही।

### महिलाओं का आवागमन ज्यादा हो वहां लगेंगे बॉक्स

मेयर ने कॉलेज परिसर में पिंक पेटी लगाकर उसका उद्घाटन किया। इस पेटी (बॉक्स) में कोई भी छात्रा शिकायत और सुझाव लिखित में दे सकती है, जिस पर तत्काल एक्शन भी होगा। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन ने इस तरह के 500 बॉक्स शहर भर में लगाएगा। ये बॉक्स सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कॉलेज, स्कूलों, कॉचिंग संस्थाओं सहित विभिन्न स्थानों पर लगाया जाएगा, जहां महिलाओं का आवागमन ज्यादा रहता है।

# हिट एंड रन: स्कॉर्पियो से 3 युवकों को उड़ाया

**जयपुर।** राजधानी में एक स्कॉर्पियो सवार ड्राइवर ने बाइक सवार तीन युवकों पर गाड़ी चढ़ा दी। इससे तीनों गंभीर घायल हो गए। मामला जयपुर के झोटवाड़ा थाना क्षेत्र के जोशी मार्ग पर हां रात करीब 11:30 बजे का है। हादसे के बाद कार ड्राइवर विशाल मौके से फरार हो गया। वहीं घायलों को एसएमएस हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां तीनों का इलाज चल रहा है।



थाने के हेड कॉन्स्टेबल संजय पुलिया ने बताया कि बाइक सवार इरफान, जकर और नमाज तीनों झोटवाड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। हादसे से पहले तीनों जोशी मार्ग पर एक दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे। यहां विशाल का झगड़ा भी हुआ था। कुछ ही देर में तीनों एक ही बाइक पर बैठकर वहां से भागने लगे। तभी विशाल स्पीड में मौके से कार लेकर निकला। टक्कर मारने के बाद वह कुछ देर तक रुका भी लेकिन फिर भाग गया। लोगों ने बताया कि उसका पीछा करने का भी प्रयास किया लेकिन वह पकड़ में नहीं आया।

## जरूरी खबर

### राइकाबाग-जैसलमेर रेल मार्ग दुरुस्त, ट्रेनों का संचालन बहाल



**जोधपुर।** भारी बरसात के कारण अवरुद्ध राइकाबाग-जैसलमेर रेल मार्ग पर ट्रेनों का संचालन बहाल कर दिया गया है। इसके साथ ही रामदेवरा मेले में आवागमन के लिए सभी मेला स्पेशल ट्रेनें भी संचालित होने लगी हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को हुई भारी बरसात के बाद जल भराव के कारण ओसियां-तिंवरी रेल मार्ग पर पटरियों के नीचे मिट्टी बह गई थी, जिससे ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया था।

### दादा की रिवॉल्वर लेकर स्कूल पहुंचा 12 साल का छात्र

**श्रीगंगानगर।** जिले में 12 वर्षीय एक छात्र अपने दोस्तों को इंप्रेस करने के लिए दादा की लाइसेंसी रिवॉल्वर लेकर स्कूल पहुंच गया। जब टीचर्स को इसकी भनक लगी तो सभी बच्चों के बैग की तलाशी ली गई, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो गया। प्राइवेट स्कूल के मैनेजमेंट ने सदर थाना पुलिस को फोन पर पूरी बात बताई और अधिकारियों को स्कूल बुला लिया। इसके बाद पुलिस ने रिवॉल्वर को अपने कब्जे में लेते हुए देर रात स्टूडेंट के दादा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि जब छात्र से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह अपने दादा की रिवॉल्वर स्कूल में दिखाने के उद्देश्य से लेकर आया था।

### कोटा में हिस्ट्रीशीटर के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



**कोटा।** शहर के उद्योग नगर थाना इलाके के हिस्ट्रीशीटर हजरत अली उर्फ गुड्डू के खिलाफ एक्शन लेते हुए कोटा सिटी पुलिस ने उसके अवैध अतिक्रमण को चिह्नित करते हुए गुरुवार को ध्वस्त करवाया। कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि गुड्डू के दो अतिक्रमण ध्वस्त किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 25 लाख रुपए है। यह 1717 गैंग का सक्रिय सदस्य है, इसके खिलाफ 60 से ज्यादा मामले संगीन धाराओं में दर्ज हैं। थाना अधिकारी जितेंद्र शेखावत ने बताया कि आरोपी गुड्डू को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है, जो जमानत के बाद से ही अपनी गैंग बनाकर कोटा शहर वह पूरे हाड़ौती संभाग में सक्रिय है।

## मारवाड़ का महाकुंभ: जातरूओं की सेवा में शहरवासियों ने बिछाए पलक पांवड़े...

# अभिषेक और आरती के साथ बाबा रामदेव का मेला शुरू

**बेधड़क** | जैसलमेर

लोकदेवता बाबा रामदेव की समाधि पर 640वां अंतरप्रांतीय भादवा मेला गुरुवार तड़के अभिषेक व आरती के साथ शुरू हो गया।

मेले के शुभारंभ के अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में राव भोम सिंह तंवर, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिला न्यायाधीश पुरणमल शर्मा और अन्य प्रमुख लोगों ने बाबा रामदेव की समाधि पर पंचामृत से अभिषेक किया और चादर चढ़ाई। इसके बाद भोग अर्पित कर मंगला आरती की गई। इस दौरान बाबा से देश में





खुशहाली की कामना की गई।

जैसलमेर के पोकरण उपखंड मुख्यालय से करीब 12 किमी उत्तर की तरफ विख्यात गांव रामदेवरा स्थित है। इसका दूसरा नाम रुणीचा भी है। यहां अछूतोद्धारक, सांप्रदायिक एकता के प्रतीक मध्यकालीन लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि पर मंदिर बना हुआ है। अंतरप्रांतीय मेले में राजस्थान सहित गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली आदि प्रांतों से लाखों यात्री पैदल, मोटरसाइकिल, साइकिल, बस रेल एवं अन्य साधनों से यहां आकर बाबा की समाधि के दर्शन करते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए श्रद्धा सहित आराधना करते हैं। लोकदेवता बाबा रामदेव को यूं तो देशभर में पूजा जाता है। विशेष रूप से राजस्थान के मारवाड़, मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी, ढूंढाड़, उत्तरी राजस्थान के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य स्थानों से प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु यहां बाबा की समाधि के दर्शन के लिए आते हैं।

### कुरीतियों को मिटाने के लिए किया कार्य

आज से करीब 680 वर्ष पूर्व विक्रम संवत् 1402 में बाबा रामदेव का अवतार बाड़मेर जिले के उण्डु काश्मीर में उस समय के राजा अजमलसिंह तंवर के घर हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार बाबा रामदेव का जन्म भादवा माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को हुआ, लेकिन तंवर समाज के भाटों के अनुसार बाबा रामदेव का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बताया जाता है। बाबा रामदेव ने अपने 40 वर्ष के जीवन में छुआछूत, ऊंच-नीच, भेदभाव जैसी कुरीतियों को मिटाने के लिए कार्य किया। बाबा के अनन्य भक्तों में हरजी भाटी और दलित समाज की डालीबाई के नाम प्रमुख है। विक्रम संवत् 1442 में भादवा माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन बाबा रामदेव ने 40 वर्ष की उम्र में रामदेवरा में समाधि ली।

### मेले में आते हैं 30-40 लाख श्रद्धालु

रामदेवरा गांव में बाबा रामदेव की समाधि पर प्रतिवर्ष भादवा माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया से एकादशी तक मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में देश के कोने-कोने से करीब 30 से 40 लाख तक श्रद्धालु पहुंचते हैं और बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करते हैं। बीते एक माह से रामदेवरा में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है और प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार अब तक 15 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

## अनूपगढ़ में काल बनकर सड़क पर दौड़ी कार

# कार और दो मोटरसाइकिल की टक्कर में छह की मौत

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

जिले के श्रीविजयनगर के पास बुधवार रात को 25 पुली के निकट दो बाइकों और एक कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 6 युवकों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है. अंदाजा लगाया जा रहा है कि हादसा ओवर स्पीड के कारण हुआ।

जानकारी के अनुसार जिले के सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे पर बुधवार देर रात करीब 2 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार एक कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी।



### जागरण में घर लौट रहे थे सभी

श्रीविजयनगर थानाधिकारी गोविंद बिश्नोई ने बताया कि घटना बुधवार देर रात लगभग डेढ़ से 2 बजे के आसपास की है। सभी युवक शराब के ठेकों पर सेल्समैन के रूप में कार्य करते थे। बुधवार को पास के गांव में जागरण में हिस्सा लेने के लिए गए थे और लौटते समय यह हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद युवक उछल कर दूर जा गिरे। वहीं एक युवक का हाथ कटकर अलग हो गया और झाड़ियों में पड़ा मिला।

### कार ड्राइवर मौके से फरार

पुलिस के अनुसार, हादसे में हनुमानगढ़ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र के पल्लू निवासी ताराचंद (20), सूरतगढ़ गांव के दो एसपीएम का रहने वाला मनीष उर्फ रमेश (24), बख्तावरपुरा निवासी सुनील कुमार (20) की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बख्तावरपुरा के चोहिलांवाली निवासी राहुल (20), राजियासर थाना क्षेत्र के गांव दो एसपीएम के शुभकरण (19) और बलराम उर्फ भालराम (20) की हॉस्पिटल ले जाने के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद से कार चालक मौके से फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। तीन बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की हॉस्पिटल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। सभी बाइक सवार आपस में परिचित थे और रात्रि जागरण से लौट रहे थे। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसा इतना भीषण था कि कार और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

## नैनवां कस्बे में पहुंचे आला अफसर

# कलेक्टर-एसपी ने लिया बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा



**बेधड़क** | बूंदी

जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा व पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने गुरुवार को नैनवां उपखंड में तेज बारिश के बाद दुगारी बांसी गांवों में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर अधिकारियों के साथ जायजा लिया।

जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि कनक सागर बांध के ओवरफ्लो का पानी गांव में आने की सूचना पर वे दुगारी पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था प्राथमिकता के साथ की जाए। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश से हुए फसलों एवं मकानों के नुकसान का उपखंड अधिकारी द्वारा शीघ्र सर्वे करवाया जाए। पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं सिविल डिफेंस की एक टीम बनाकर पूरे उपखंड क्षेत्र की निगरानी रखें और आमजन को किसी तरह की परेशानी आने पर उसका त्वरित निस्तारण करें। इस दौरान कलेक्टर ने आमजन से उनकी समस्या जानी और बरसात के मौसम में विशेष सर्तकता बरतने, जलभराव वाले स्थानों तथा बहते पानी से दूर रहने की सलाह दी. सुरक्षा की दृष्टि से रपट वाले स्थानों पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं।

### खाटू श्यामजी दर्शन कर लौट रहे थे यूपी खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर एक की मौत, चार जने घायल

**चूरू।** जिले के दूधवा खारा थाना इलाके के चारणों की ढाणी के पास सड़क हादसा हो गया। यहां खाटूश्यामजी से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।

दूधवाखारा थाना के हेड कांस्टेबल गोपाल सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात सूचना मिली थी कि एनएच 52 पर चारणों की ढाणी व दूधवाखारा के बीच कुबेर होटल के सामने सड़क से दूर किनारे पर श्रद्धालुओं की बस खड़ी थी।

कुछ श्रद्धालु बस के पास बैठे थे और कुछ होटल में गए थे। तभी चूरू की ओर से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बस को पीछे की साइड से टक्कर मार दी। हादसे में एटा उतरप्रदेश निवासी 50 वर्षीय कमलेश देवी की मौत हो गई। हादसे में घायलों को तुरंत डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया।

हादसे में एटा निवासी 24 वर्षीय रंजना, 59 वर्षीय शांति देवी व 30 वर्षीय भावना के गंभीर चोट आई। इनको प्राथमिक इलाज के बाद बीकानेर रेफर कर दिया गया। इसके अलावा एटा निवासी 30 वर्षीय रेखा घायल हो गई। इनका डीबी अस्पताल में इलाज किया गया। दूधवाखारा थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया। पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है।

### सो रहे भक्तों पर चढ़ाई कार, 9 घायल



**चित्तौड़गढ़।** जिले के मंडफिया कस्बे में स्थित मंदिर की पार्किंग में सो रहे श्रद्धालुओं को कार चालक ने कुचल दिया। इसमें नौ श्रद्धालु घायल हो गए। इसमें से तीन को चित्तौड़गढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। हादसे के बाद कार चालक से लोगों ने मारपीट का भी प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सजगता के चलते उसे बचा लिया गया। पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के बडगोंदा से दो अलग-अलग वाहनों में 18-20 श्रद्धालु किशनगढ़ के निकट सुरसरा तेजाजी महाराज की ज्योत लेने जा रहे थे। मार्ग में ये सांवलियाजी मंदिर दर्शन के लिए रुके। एक वाहन में सवार 10 श्रद्धालु सांवलियाजी मंदिर की पार्किंग में ही जमीन पर गद्दे डाल कर सो गए। रात करीब 3 बजे एक अन्य वाहन में तीन श्रद्धालु आए थे। इनमें से दो तो श्रद्धालु तो नहाने चले गए, जबकि एक 18 साल का युवक ही मौजूद था। इस दौरान कुछ महिलाओं ने युवक से कार को हटाने को कहा उन्हें यहां सोना है। इस पर युवक कार को हटाने लगा, लेकिन वह कंट्रोल नहीं रख पाया। इससे उसने कार को नीचे सो रहे इंदौर के श्रद्धालुओं पर चढ़ा दी। अधिकांश यात्रियों के पैर कुचल गए। हादसा होते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। यहां लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने चालक को पकड़ लिया। जानकारी मिली तो मंडफिया थानाधिकारी शीतल गुर्जर मय जाप्ता मौके पर पहुंची। कार चालक को लोगों से समझाइश करवा कर छुड़वाया। वहीं घायलों को मंडफिया चिकित्सालय ले जाया गया। इनमे से तीन को पैर में गंभीर चोट आई थी। ऐसे में उन्हें चित्तौड़गढ़ रेफर कर दिया। पुलिस ने कार चालक युवक हिरासत में लिया है।

### 42 घंटे बाद निकाला सूरजकुंड में डूबे दर्शनार्थी का शव

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ दुर्ग स्थित सूरजकुंड में मंगलवार दोपहर में डूबे दर्शनार्थी का शव गुरुवार को सुबह निकाला गया। सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची तो शव पानी की सतह पर तैरता दिखा, जो स्वतः ही ऊपर आ गया था।



पुलिस के अनुसार विश्व विख्यात चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सूरजकुंड में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया था। यह युवक मध्यप्रदेश के धार जिले में रहने वाला बहादुर नाथ था जो कि अपने अन्य परिजनों के साथ रामदेवरा जा रहा था। इस दौरान चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर भी दर्शन करने के लिए आया और नहाने के दौरान कुंड में कूद गया। गहराई में चले जाने के कारण वह डूब गया था। जानकारी मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाया और तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को शव नहीं मिलने पर अंधेरा होने के बाद अभियान रोक दिया गया था। बुधवार को पुनः सुबह से ही तलाशी अभियान शुरू किया जो शाम तक चलता रहा। इस दौरान नाव मंगवाई गई और उसकी सहायता से भी तलाश की। इतना ही नहीं गैस सिलेंडर की सहायता से भी सिविल डिफेंस की टीम ने पानी की गहराई में जाकर युवक के शव को तलाशा, लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह सूचना मिली कि युवक का शव पानी में तैर रहा है।

## मेले की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

# रणथंभौर त्रिनेत्र गणेशजी के तीन दिवसीय लक्खी मेले का आगाज आज से

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

जन जन के आराध्य देव रणथंभौर के त्रिनेत्र गणेश जी का लक्खी मेला रणथंभौर में 6 सितंबर से शुरू होगा। तीन दिवसीय लक्खी मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दर्जनों निशुल्क भंडारे लगाए गए हैं। पग-पग पर भंडारे लगाने के लिए भंडारा संचालक जुटे हैं। श्रद्धालु लगभग 14 किलोमीटर का सफर पैदल तय करके त्रिनेत्र गणेशजी के दर्शन करते हैं। इस बार बारिश अधिक होने से रणथंभौर के सभी जलाशय लबालब भरे हुए हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा की देखते हुए जलाशयों पर बैरिकेडिंग की गई है। साथ ही मेला परिसर में सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम भी तैनात की गई है। मंदिर में सुगमता से दर्शन हो सके, इसका भी खास खयाल रखा जा रहा है।

एसडीएम अनिल चौधरी ने बताया कि 6 से 8 सितंबर के बीच लक्खी मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया गया है। त्रिनेत्र गणेश मंदिर के प्रधान सेवक हिमांशु गौतम ने बताया कि रणथंभौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर का इतिहास हजारों साल पुराना है। मंदिर रणथंभौर दुर्ग में स्थित है। त्रिनेत्र गणेश को लेकर लोगों में कई प्रकार किंवदंतियां भी प्रचलित है। कई लोगों का मानना है कि भगवान गणेश की इस प्रतिमा कि उत्पत्ति अपने आप हुई थी।



### राजा हम्मीर ने करवाया था मंदिर निर्माण

मंदिर महंत की मानें तो जब रणथंभौर दुर्ग पर राजा हमीर का शासन था, तब दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने रणथंभौर पर आक्रमण किया था, तब राजा हमीर कई महीनों तक दुर्ग में ही रहे थे। दुर्ग का भंडार खाली हो गया था तो भगवान गणेश ने राजा को स्वप्न में दर्शन दिए। दूसरे दिन सुबह सारे भंडार भरे हुए मिले। इसी दौरान यहां जमीन से अपने आप गणेश जी की प्रतिमा उत्पन्न हो गई थी। तब से ही इनकी पूजा की जाती है। बताया जाता है कि मंदिर का निर्माण रणथंभौर के राजा हम्मीर ने करवाया था। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां गणेश जी अपने पूर्ण परिवार पत्नी रिद्धि और सिद्धि और दो पुत्र शुभ व लाभ के साथ विराजमान हैं।

### 1200 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की व्यवस्था के मद्देनजर चार दर्जन से अधिक रोडवेज बसें मेले के लिए लगाई गई हैं। आसपास के सभी जिलों से पर्याप्त पुलिस जाप्ता यहां बुलवाया गया है। साथ ही आरएसी की कंपनी भी मेले में तैनात रहेगी। रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मेले में इस बार 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। समूची तैयारी को अंतिम रूप प्रदान किया गया। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर मेला परिसर में पुलिस के आला अधिकारियों सहित करीब 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

देशभर में उत्साह से मनाया राष्ट्रीय शिक्षक दिवस: नई दिल्ली में 50 शिक्षकों में प्रदेश के दो शिक्षक सम्मानित

# विद्यार्थियों के स्नेह से गुरुजनों के चेहरे खिलखिला उठे...

## विवि शिक्षकों को टीचर एक्सीलैंस अवार्ड से सम्मानित



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकम में वर्ष 2023-24 के दौरान शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में किये गये मूल्यांकन के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों से जुड़े शिक्षकों को टीचर एक्सीलेंस अवार्ड 2023-24 प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इण्डिया राजदीपक रस्तोगी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षक रही प्रो. मनिका मोहन थी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के निर्देशों से राजस्थान विश्वविद्यालय में पहली बार उत्कृष्टतम शिक्षकों के सम्मान का यह कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के इन्टरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजदीपक रस्तोगी ने कहा कि उनके स्वयं के जीवन को एक विकसित स्वरूप देने में औपचारिक शिक्षकों के साथ ही उनके गुरुओं का विशेष मार्गदर्शन रहा है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने इस अवसर पर सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर इण्टरनल क्वालिटी सेल की निदेशक प्रो. रश्मि जैन और कुलसचिव अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## बलजिंदर-हुकमचंद राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजे



**जयपुर।** राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश भर से चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यम से चयनित 50 शिक्षकों में राजस्थान के दो शिक्षकों बलजिंदर सिंह बरार, वाइस प्रिंसिपल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, 4 जे जे, ब्लॉक पदमपुर जिला श्रीगंगानगर और हुकम चंद चौधरी, शिक्षक, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीएसएफ, बीकानेर राजस्थान का भी चयन हुआ। इस अवसर पर प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कारों का उद्देश्य देश में शिक्षकों के अद्वितिय योगदान को सेलिब्रेट करना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के जरिए न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर किया है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार में विजेताओं को योग्यता का प्रमाण पत्र, 50000 का नगद पुरस्कार और एक रजत पदक दिया जाता है।

## चिदानन्द और सरस्वती का किया अभिनंदन



**जयपुर।** शिक्षक दिवस पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती, साध्वी भगवती सरस्वती और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जयपुर में भेंटवार्ता हुई। मुख्यमंत्री ने राजस्थान की धरती पर दोनों का स्वागत-अभिनन्दन किया। दोनों को शिक्षक दिवस पर माहेश्वरी समाज (सोसायटी) जयपुर की शिक्षा समिति द्वारा आयोजित शिक्षकों का सशक्तिकरण समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया। चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि राजस्थान की धरती हमेशा से ही वीरता और शौर्य की प्रतीक रही है। राजस्थान की धरती ने वीर योद्धाओं को जन्म दिया है।

स्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किए हैं। इस मौके पर चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि शिक्षक समाज के स्तंभ होते हैं। शिक्षकों को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण कदम है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में विलक्षण परिवर्तन होगा।

## हरे कृष्ण मूवमेंट ने किया शिक्षकों का सम्मान



**जयपुर।** शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान करने के लिए हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर ने 'टीचर्स फेस्ट–2024' का आयोजन किया। जयपुर के कई स्कूल, यूनिवर्सिटी, कॉलेज के प्रिंसिपल्स, टीचर्स और फेकल्टी ने भाग लिया। प्रो-चान्सलर व वाईस- चान्सलर ने वहां आए टीचर्स को बताया कि हमारी संस्कृति के मूल्य आज भी उतने ही जरूरी हैं जितने पहले थे। आह्वान किया कि किताबी ज्ञान के साथ बच्चों को मूल्यों और संस्कारों की भी समझ दें। जिसे बच्चों की आध्यात्मिक और मानसिक नीव मजबूत हो सके। मंदिर के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रो. एच एन वर्मा, प्रो. आर एल रैना, एस के आई टी से डॉ. रमेश कुमार पचार, एस एल सुराना, जयपाल मील, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी से डॉ. एस. सी.पाधे, जे ई सी आर सी यूनिवर्सिटी से प्रो. विक्टर गंभीर और ज्ञानम् फाउंडेशन से दीपक गोस्वामी उपस्थित थे।

## 'टीचर्स-डे' पर शैक्षिक संस्थानों में हुए कार्यक्रम



**चाकसू।** चाकसू में गुरुवार को टीचर्स-डे' पर कई जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न वक्ताओं ने जीवन में गुरुजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। मानव ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कैंपस में आयोजित टीचर्स-डे कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया एवं प्राचार्या निर्मला खोलिया द्वारा सेवानिवृत गुरुजनो में 32 शख्सियतों और शिक्षकों सम्मानित किया गया। इसी तरह यहां राजकीय महाविद्यालय में भी शिक्षक दिवस मनाया गया। प्राचार्य सरिता जेन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिना गुरु के सफलता हासिल नहीं हो सकती।

## गुरु का उद्देश्य शिष्यों का सर्वांगीण विकास करना

**जयपुर।** अचीवर्स अकेडमी सीनियर सैकेंडरी स्कूल रोड नं 5 में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न कल्चरल प्रोग्राम, डांस और नृत्य नाटिका के माध्यम से टीचर्स के प्रति कृतज्ञाता प्रकट की और दर्शाया कि गुरु सफल जीवन का माध्यम है। विद्यार्थियों ने सभी गुरुजनों को गिफ्ट, गुलाब का फूल और कार्ड देकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्यालय के डायरेक्टर बी एल सैनी ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस मनाने का महत्व समझाया और कहा कि गुरु का एक ही उद्देश्य होता है और वह है अपने शिष्यों का सर्वांगीण विकास।




गुरु चाहते हैं कि उनके शिष्य जीवन के हर क़दम पर सफलता अर्जित करे। अंत में विद्यालय की ओर से अध्यापकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## डॉ. मंजू बाघमार स्वामी विवेकानंद शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित

**जयपुर।** एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मंजू बाघमार को शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वामी विवेकानंद शिक्षक गौरव सम्मान- 2024 प्रदान किया गया। शिक्षक दिवस पर स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति जयपुर(राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस



रिसर्च जयपुर) की तरफ से समिति के चेयरमैन डॉ. शैलेन्द्र मौर्य और सेक्रेटरी सुशीला भट्ट मौर्य ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## निर्वाण युनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की जीएसटी पर पुस्तक का विमोचन



बेधड़क | जयपुर

निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर में निर्वाण युनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की पुस्तक "भारतीय अर्थव्यवस्था पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का प्रभाव" का विमोचन युनिवर्सिटी के चेयरमेन डॉ एसएल सिहाग और वाइस चेयरमेन डॉ आरके अरोड़ा द्वारा किया गया। गौरतलब है कि निर्वाण युनिवर्सिटी की प्रतिष्ठित डॉ. रुचि गर्ग ने "भारतीय अर्थव्यवस्था पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का प्रभाव" शीर्षक से एक महत्वपूर्ण पुस्तक प्रकाशित की है। यह पुस्तक जीएसटी के विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभावों का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है और यह छात्रों, शोधार्थियों, नीतिगत निर्माताओं और व्यावसायिक जगत के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करेगी। इस पुस्तक से यह जानने को मिलेगा कि जीएसटी का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा है। निर्वाण युनिवर्सिटी के चेयरमेन डॉ एसएल सिहाग और वाइस चेयरमेन डॉ आर के अरोड़ा ने कहा कि डॉ गर्ग की यह पुस्तक युनिवर्सिटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है और यह पुस्तक अर्थव्यवस्था को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## परिचर्चा: छात्राओं को हीन भावना त्यागकर सशक्त बनने दी सीख



**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के सेंटर फॉर जेंडर स्टडीज की ओर से 'हमारी पहचान हमारा सम्मान' विषय पर एक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. रेणुका पामेचा रही। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। डॉ. पामेचा ने अपने भाषण में छात्राओं से सती प्रिवेंशन एक्ट (1987), सेक्सुअल हैरेसमेंट ऑफ़ विमेन एक्ट, (2013) के निमित्त बनी विशाखा गाइडलाइन के निर्माण में महाविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। छात्राओं को सवाल-जवाब के माध्यम से समाज एवं परिवार में समानता का दर्जा प्राप्त करने के लिए जागरूक किया। निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने छात्राओं को स्वयं को पुरुष से हीन समझने की प्रवृत्ति त्यागने एवं सशक्त बनने पर जोर दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि व्यक्तित्व निर्माण में आंतरिक व बाह्य मानक का समान योगदान रहता है। कार्यक्रम का संचालन सेंटर कन्वीनर डॉ. स्वीटी माथुर ने किया। इस मौके पर डॉ. दमंयती सोढ़ा, डॉ. साक्षी शर्मा, पूर्वा भारद्वाज, डॉ. मीनाक्षी धारीवाल की सक्रिय भूमिका रही।

JECRC के ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'परिचय 2024' में पद्मश्री सावजी भाई ढोलकिया ने कहा...

# जीवन में हर मुकाम और किरदार में पूर्ण लगन निभाओ: ढोलकिया

बेधड़क | जयपुर

जेईसीआरसी कॉलेज में चल रहे ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'परिचय' में फ्रेशर्स को मनोरंजन और शिक्षा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में पद्मश्री विभूषित, फाउंडर एंड चेयरमैन हरी कृष्णा एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड सावजी ढ़ोलकिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

इस मौके पर सावजी भाई ने स्टूडेंट्स को खुद के साथ हमेशा ईमानदार रहने की सलाह देते हुए कहा कि जीवन के हर मुकाम पर, प्रत्येक किरदार को पूर्ण लग्न के साथ निभाओ और हमेशा बेहतर बनने का प्रयास करते रहो। जिस कार्य को आप करते हो आप को उसमे एक्सपर्ट होना चाहिए। साथ ही स्टूडेंट्स में अन्य के प्रति सद्भावना भी होनी चाहिए, 'अच्छा बनो और अच्छा करो' मंत्र को अपनाइए। सावजी भाई और वाइस चांसलर के बीच हुई फायर साइड चैट में कई मजेदार सवाल पूछे गए। वाइस चेयरपर्सन अमित अग्रवाल ने स्टूडेंट्स का मुख्य अतिथि सावजी भाई से परिचय करवाते हुए बताया कि सावजी भाई एक प्रतिष्ठित हीरा कारोबारी होने के साथ सावजी एक उदार, दयावान व्यक्ति हैं, जो हमेशा से समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन करते आए हैं। ढ़ोलकिया फाउंडेशन द्वारा समाज कल्याण के क्षेत्र में कई सकारात्मक कदम उठाए गए है। भारत सरकार द्वारा सावजी भाई को मार्च 2022 में पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।




### कॉमेडियन गौरव कपूर ने गुदगुदाया

दिन में समापन स्टैंड-अप कॉमेडियन गौरव कपूर के कॉमेडी शो से हुआ, जिसमें गौरव कपूर के ह्यूमर और जोक्स ने स्टूडेंट्स के साथ फैकल्टीज को भी ठहाके मार कर हंसने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल रोहित मिश्रा, सीईओ डायनेमिक माइंस ग्रुप डॉ. अदिति सिंघल ने भी बतौर स्पीकर शिरकत की। उत्साह से भरपूर इस माहौल में कॉमेडियन गौरव कपूर के जोक्स ने हंसी की फुहार छोड़ी।

### प्लेसमेंट, टेक्निकल और सॉफ्ट स्किल्स के बारे में बताया

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए आवश्यक टेक्निकल और सॉफ्ट स्किल्स के बारे में बताया गया। कर्नल मिश्रा एवं डॉ. सिंघल द्वारा लिए गए की-नॉट सेशन्स में फ्रेशर्स को नैरेटिव बदलने, सक्सेस कोड क्रैक करने के तरीके बताए। कार्यक्रम को जीवंत व आकर्षक बनाए रखने के लिए मध्य में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इसके अतिरिक्त जेनानॉयड, मूनराइडर्स, जेआईसी, एमयून, एसआरसी और पीआर एंड मीडिया सेल द्वारा लिए गए इंट्रोडक्टरी सेशन्स में मेडिटेशन, नेटवर्किंग, पब्लिक रिलेशन, रोबोटिक्स, स्टार्टअप्स और लीडरशिप जैसे कई टॉपिक्स पर बात की गई।

## 3 दिवसीय 'राज्य स्तरीय PM विश्वकर्मा प्रदर्शनी' आज से

बेधड़क | जयपुर

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विकास कार्यालय, जयपुर की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने पर 6 सितंबर से 8 सितंबर तक जवाहर कला केंद्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में 3 दिवसीय "राज्य स्तरीय पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी" का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा व विशिष्ट अतिथि सिविल लाइंस, जयपुर विधायक गोपाल शर्मा होंगे । इस प्रदर्शनी में 50 से अधिक विश्वकर्मा भाग ले रहे हैं और अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

यह नागरिकों के लिए पारंपरिक शिल्प और उत्पादों के बारे में अधिक जानने और देश में आने वाले त्यौहारों जैसे गणेश चतुर्थी, धनतेरस, दीपावली और अन्य के लिए खरीदारी करने का एक शानदार अवसर है। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक है, शाम का सांस्कृतिक कार्यक्रम एक विशेष आकर्षण रहेगा। प्रदर्शनी में प्रवेश निशुल्क रहेगा।


कार्यक्रम | निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में फिल्मी कलाकारों की प्रस्तुति

# आशीम और ध्वनि भानुशाली की प्रस्तुति ने जीता दिल

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा और कुलपति प्रो एस एल गोदारा द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। इसके बाद बहुप्रतीक्षित फिल्म "कहाँ शुरू कहाँ खत्म" के प्रमुख कलाकार ध्वनि भानुशाली और आशीम गुलाटी ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों का भारी उत्साह नजर आया। इससे आयोजन स्थल पर उत्सव का माहौल बन गया। ध्वनि भानुशाली ने अपने प्रसिद्ध गानों की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके लाइव संगीत प्रदर्शन ने परिसर में एक उत्सव का माहौल बना दिया। आशीम गुलाटी ने अपनी नृत्य कला के माध्यम से भी दर्शकों का दिल जीता और अपनी भावपूर्ण परफॉर्मेंस से सभी को प्रभावित किया।



### विद्यार्थियों से किया संवाद

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान, ध्वनि और आशीम ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया, उनकी प्रश्नों के उत्तर दिए और फिल्म की शूटिंग के अनुभव साझा किए। इस इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों को फिल्म उद्योग और कला के प्रति एक नई प्रेरणा दी।

### सांस्कृतिक गतिविधियों से बना माहौल

कार्यक्रम के समापन पर वाइस चेयरमैन डॉ आर के अरोड़ा और कुलपति प्रो एसएल गोदारा ने कलाकारों को मोमेंटों से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि प्रेरणा भी प्रदान की, जिससे उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के महत्व को समझा। फिल्म के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय के परिसर में एक जीवंत और प्रेरणादायक माहौल उत्पन्न किया।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

कार्यक्रम में अभिनेताओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश और निकासी के सभी मार्गों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की। सभी आगंतुकों और प्रतिभागियों की पहचान और बैग की जांच की गई। परिसर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की गई और आपातकालीन परिस्थितियों के लिए चिकित्सा दल भी तैनात रहा।

# 'एक्ट ऑफ फ्रॉड' और प्रधानमंत्री की माफी!



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग ज़िले के मालवन में स्थित राजकोट क़िले में केवल आठ माह पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फ़ुट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन किया गया था वह प्रतिमा गत 26 अगस्त को ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। चूंकि शिवाजी महाराज को मराठा स्मिता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है और इसी महाराष्ट्र राज्य में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं, इसलिए वक्त की नजाकत को भांपते हुए शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा ढहने के मामले पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी से माफ़ी मांगने के लिए सामने आना पड़ा। मूर्ति खंडित होने के बाद महाराष्ट्र के पालघर ज़िले में वधावन बंदरगाह परियोजना के शिलान्यास समारोह के दौरान मोदी ने कहा कि "छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल हमारे लिए एक महान व्यक्ति हैं, बल्कि वह हमारे आदर्श हैं। मैं उस मूर्ति के चरणों में झुक रहा हूं और अब उनसे सिर झुकाकर माफी मांग रहा हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं।" प्रधानमंत्री की मुआफी से पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी यही कहा था कि वे इस घटना पर सौ बार माफ़ी मांगने को तैयार हैं। जबकि उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भी इस घटना के फौरन बाद ही माफ़ी मांग ली थी।

किसी मूर्ति खंडित होने के बाद भ्रष्टाचार के इसतरह सिर चढ़कर बोलने के बाद आजतक 'मुआफियों ' का ऐसा सिलसिला पहले कभी नहीं देखा गया। परन्तु इन मुआफी नामों का केवल एक ही कारण है कि राज्य में चुनाव सिर पर हैं और विपक्ष छत्रपति शिवजी महाराज की प्रतिमा विखंडित होने को लेकर सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी पर यही कहते हुए हमलावर है कि चूंकि मूर्ति निर्माण व स्थापना के काम की गुणवत्ता की भारी कमी थी और इसके अनावरण में जल्दबाजी की गई। जिसका कारण केवल भ्रष्टाचार था। और भ्रष्टाचार की वजह से हवा के झोंके मात्र से मूर्ति का गिरना बेहद शर्मनाक है। इसी तरह गत वर्ष उज्जैन के महाकाल लोक में 15 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई देवताओं, ऋषियों मुनियों व की मूर्तियां जिनमें प्रति मूर्ति की कीमत लगभग 11 लाख रूपए बताई गई थी, उनमें कई मूर्तियां तेज हवा में उड़कर दूर जा गिरी थीं और बुरी तरह खंडित हो गई थीं। परन्तु उस समय किसी ने माफी मांगने की जरुरत महसूस नहीं की थी क्योंकि तब चुनाव भी दूर थे और वैसे भी इन भ्रष्टाचारियों को पता था कि देवताओं, ऋषियों मुनियों के मूर्ति विखंडित होने से चुनाव पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। अब सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री के माफी मांगने के बावजूद भ्रष्टाचार के कलंक को धोया भी जा सकेगा? और प्रधानमंत्री कहां-कहां माफी मांगते फिरेंगे? राम मंदिर बारिश में टपकने लगा, देश का नवनिर्मित संसद भवन भी टपकता नजर आया। 30 अक्टूबर 2022 को गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। कितनी रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह सभी भ्रष्टाचार और लापरवाही के मामले थे। किसी ने न तो माफी मांगी न गलती स्वीकार की। कितने शहरों में भ्रष्टाचार के कारण जल निकासी न होने से शहर के शहर डूब रहे हैं। कोई पूछने वाला नहीं। कोई जिम्मेदार नहीं। परन्तु जब कोलकाता में 31 मार्च 2016 को विवेकानंद पुल गिरने की घटना हुई उस समय चुनावी बेला में प्रधानमंत्री ने इस हादसे पर कैसी कैसी बातें की थीं। प्रधानमंत्री ने ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि- 'कोलकाता में हुआ फ्लाई ओवर हादसा 'दैविक संदेश' है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ गॉड नहीं एक्ट ऑफ फ्रॉड है'। उन्होंने ममता बनर्जी को सम्बोधित करते हुए एक जनसभा में कहा था कि- 'कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए। लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है।

> “ स्वयं को जब प्रधानमंत्री ने चौकीदार बताया तो भी देश को लगा था कि देश की सीमाओं सहित धन सम्पदाओं व राजस्व की निगरानी होगी। परन्तु शीघ्र ही जब इसी देश ने यह भी देखा कि प्रधानमंत्री द्वारा कल तक जिन्हें भ्रष्टाचारी बताया जा रहा था, वहीं प्रधानमंत्री के पाले में आने के बाद न केवल सदाचारी हो जाते हैं बल्कि मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद भी हासिल कर लेते हैं? ”

देश ने जब प्रधानमंत्री का 'न खाऊंगा न खाने दूंगा' का वचन सुना तो देशवासियों में निश्चित रूप से यह उम्मीद जगी थी कि शायद देश अब भ्रष्टाचार मुक्त होने जा रहा है। देश भर में भ्रष्टाचार के आरोपियों या संदिग्धों पर पड़ने वाले ईडी, सीबीआई व आयकर विभाग के छापे भी यही संकेत दे रहे थे। स्वयं को जब प्रधानमंत्री ने चौकीदार बताया तो भी देश को लगा था कि देश की सीमाओं सहित धन सम्पदाओं व राजस्व की निगरानी होगी। परन्तु शीघ्र ही जब इसी देश ने यह भी देखा कि प्रधानमंत्री द्वारा कल तक जिन्हें भ्रष्टाचारी बताया जा रहा था, वहीं प्रधानमंत्री के पाले में आने के बाद न केवल सदाचारी हो जाते हैं बल्कि मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद भी हासिल कर लेते हैं? देश ने यह भी देखा कि किस तरह भ्रष्टाचारियों ने एलेक्टोरल बांड खरीद कर भ्रष्टाचार करने और देश को लूटने का लाइसेंस हासिल कर लिया है। किस तरह चंद उद्योगपतियों के हवाले देश के अनेक सरकारी उपक्रम किए जा रहे हैं यह भी देश देख रहा है। ऐसे में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का गिरना और केवल महाराष्ट्र के चुनावी वातावरण में माफी मांगकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश करना पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत तो इसी बात की है कि 2016 में जिस तरह प्रधानमंत्री ने कोलकता के विवेकानंद पुल गिरने की घटना को 'एक्ट ऑफ फ्रॉड' बताया था और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को खरी खोटी सुनाई थी उसी तरह की प्रतिक्रिया छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने पर भी आनी चाहिए। साथ ही इस गैरजिम्मेदाराना कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा भी दी जानी चाहिए।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## केंद्र ने बनाई है इसरो के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में सात सदस्यीय कमेटी

# परीक्षाओं में सुधार बेहद जरूरी



राजीव जैन
स्वतंत्र टिप्पणीकार



> “ केंद्र सरकार ने छह साल पहले एनटीए का गठन किया था। इसका मकसद यह था कि दाखिले के लिए होने वाली पात्रता परीक्षा की व्यवस्था केंद्रीकृत हो जाए। यह व्यवस्था भी सरकार ने कई सिफारिशों के बाद की थी। मकसद यह था कि पूरे देश के छात्रों के लिए एक समान परीक्षा व्यवस्था हो ताकि उन्हें शिक्षा के लिए समान अवसर हासिल हो। ”

देश भर में जिस तरह से प्रतियोगी परीक्षाएं संदेह के घेरे में आ रही है उसके लिए अब परीक्षा सुधारों की सख्त जरूरत महसूस की जाने लगी है। परीक्षा चाहें नौकरी की हो या किसी दाखिले के लिए होने वाली हो, सभी में बड़े पैमाने पर सुधार की आवश्यकता है। देश का युवा वर्ग परीक्षाओं की धांधली को लेकर आहत है। नीट परीक्षा में जिस तरह से पेपर लीक और डमी परीक्षार्थी बैठे उससे तो पूरा देश की स्तब्ध रह गया। परीक्षा कराने वाली एजेंसियां भी संदेह के घेरे में आ गई। केंद्र की या किसी भी राज्य में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता हर रोज कम होती जा रही है।

हर जगह पेपर लीक के साथ ही कई तरह की धांधलियां उजागर हो रही है। इन्हें रोकने के लिए हर राज्य में अब कड़े कानून भी बनते जा रहे हैं। कानूनों के जरिए तो अपराधी को दंड ही दिया जा सकता है, पर सुधार के लिए तो परीक्षा प्रणाली इस तरह की बनानी होगी कि उसमें युवाओं को पूरा भरोसा हो और गड़बड़ी की आशंका कम से कम हो। नीट परीक्षा की धांधली के बाद केंद्र सरकार ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यों की कमेटी परीक्षा में सुधारों के लिए बनाई है। यह कमेटी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए में सुधारों पर विचार कर रही है। इस कमेटी को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए दो माह का समय दिया गया है। केंद्र सरकार की बनाई कमेटी तो अपनी रिपोर्ट देगी ही पर सबसे जरूरी है कि हर स्तर की परीक्षा व्यवस्था में ही आमूलचूल परिवर्तन किया जाए। संघ लोक सेवा आयोग से लेकर राज्यों के लोक सेवा अयोग और कर्मचारी चयन बोर्डों की परीक्षाओं में जमकर धांधलियां होती आ रही है। युवाओं के भविष्य को देखते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता बनाये रखने के लिए पूरी व्यवस्था में बदलाव होना समय की मांग भी है।

छात्र और युवा वर्ग कई साल मेहनत करके परीक्षाओं की तैयारी करता है और जब परीक्षा देने के बाद उसे मालूम पड़ता है कि पेपर लीक हो गया। इससे कई परिवारों की पीडा को समझा जा सकता है। परीक्षाएं कराने वाली एजेंसियों को अब इसमें सुधार पर काम करने की आवश्यकता है। परीक्षा व्यवस्था में सुधार करना कोई आसान काम नहीं है पर आज के तकनीकी युग में इस बारे में सभी तरह के विकल्पों पर सोचना जरूरी है। परीक्षा के साथ ही शिक्षा में सुधार करना जटिल जरूर है पर इसके लिए व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता तो है ही।

इसके लिए शिक्षा और समाज से जुड़े प्रबुद्ध वर्ग से सलाह मशविरा कर ही सरकार कोई कारगर कदम उठा सकती है। इसके साथ ही छात्र और उनके अभिभावकों की राय लेकर भी परीक्षा प्रणाली में सुधार किया जा सकता है। केंद्र के साथ ही सभी राज्य सरकारों को भी इस मामले में अपनी भूमिका निभाते हुए साझा तौर पर सुधार पर गौर करना होगा। इससे ही पूरे देश की परीक्षा प्रणाली में सुधार संभव हो सकेगा। केंद्र सरकार ने छह साल पहले एनटीए का गठन किया था। इसका मकसद यह था कि दाखिले के लिए होने वाली पात्रता परीक्षा की व्यवस्था केंद्रीकृत हो जाए। यह व्यवस्था भी सरकार ने कई सिफारिशों के बाद की थी। मकसद यह था कि पूरे देश के छात्रों के लिए एक समान परीक्षा व्यवस्था हो ताकि उन्हें शिक्षा के लिए समान अवसर हासिल हो। इससे परीक्षा की एक केंद्रीकृत प्रणाली तो बन गई पर अब यह भी एक नई मुसीबत के तौर पर सामने आई है। इसमें किसी एक प्रदेश में गडबडी होती है तो वो पूरे देश के विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बन जाती है। यह हाल में नीट परीक्षा में सामने आ चुका है। इससे पूर्व इस तरह के दाखिले की परीक्षाएं राज्य वार होती थी तो जहां भी गड़बड़ी होती थी तो वो उस राज्य तक ही सीमित रहती थी। इससे इसका असर दूसरे प्रदेशों के परीक्षार्थियों पर नहीं पड़ता था।

एक देश एक परीक्षा की सोच के तहत केंद्रीकृत प्रणाली कहां तक कारगर है इस पर विचार की आवश्यकता है। सरकार तो बडी-बड़ी परीक्षा एजेंसियां बना देती है। पर उनका ध्यान सिर्फ परीक्षा करवाने और परिणाम जारी करने तक ही होता है। सरकार और परीक्षा एजेंसियों को विद्यार्थियों को भरोसा दिलाने की पहल भी करनी चाहिए। केंद्र सरकार हो चाहें राज्य सरकारें हो वो अपने अपने स्तर पर स्वतंत्र परीक्षा एजेंसियां तो बना देती है लेकिन उनकी कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने की तरफ ध्यान नहीं देती है। इन संस्थाओं की जबावदेही तय होनी चाहिए। परीक्षा में गड़बड़ी उजागर होने पर शीर्ष स्तर पर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए ना कि निचले स्तर के लोगों की पकड़ा-धकड़ी कर मामले को ठंडे बस्ते में डालने की परीपाटी हो। परीक्षा व्यवस्था पर कोई अंगुली नहीं उठे इसके लिए संस्थाओं को जिम्मेदार भी बनाया जाना चाहिए और उसे संसाधनों की कमी भी नहीं होनी चाहिए। परीक्षा कराने वाली एजेंसियों को स्वतंत्रता तो सरकार दे देती है पर उसके यहां करने वाले तमाम अधिकारी और कर्मचारी दूसरे विभागों से डेपुटेशन पर भेजे जाते है। यह संस्थाएं भी सारे काम ठेके पर कराती है।

जैसे पेपर सेट करने से लेकर पेपर छापने और परीक्षा कराने तक का काम ठेके पर चलता है। इससे ही गड़बड़ी होती है और जब यह पकड़ में आती है तो अधिकतर मामलों में निजी लोगों के साथ ही प्राइवेट संस्थानों की प्रमुख भूमिका सामने आती है। पुलिस और जांच एजेंसियां भी जांच के बाद धांधली करने वालों को पकडती है तो उसमें सबसे ज्यादा प्राइवेट लोग ही पकडे जाते हैं। एनटीए जैसी प्रतिष्ठित संस्था के पास मेडिकल, इंजीनियरिंग, नेट आदि जैसी 15 से ज्यादा बड़ी परीक्षाओं की जिम्मेदारी है। आंकडो में देखा जाए तो अकेले एनटीए ने अपनी परीक्षाओं के जरिए छात्रों से करोड़ों रूपयों की फीस ली और एक साल में डेढ़ करोड से ज्यादा छात्रों की परीक्षाएं आयोजित करवाई।

परीक्षा कराने वाली संस्थाओं की ईमानदारी पर कोई संदेह न हो इसके लिए सभी स्तर पर कठोरता से काम करने की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता। देश का आम नागरिक चाहता है कि दाखिले और नौकरी के लिए होने वाली परीक्षाएं साफ सुथरी व्यवस्था के तहत हो। इससे ही आम नागरिक का भरोसा इन परीक्षाओं पर होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# सात घर माफ... बाकी सब साफ



एकता शर्मा
व्यंग्यकार

बाबू भैया सब्जी आप ही ले आना मैं फ्रूट ले आऊंगा। रूम पार्टनर चिपकूदास ने कहा, आपको सब्जी अच्छी खरीदनी आती है ना! ठीक है बाबा ,सब्जी मैं ले आऊंगा। शाम के वक्त सब्जी मंडी में आलू 30 किलो प्याज 50 किलो फिर उधर से आवाज आई, केला 30 किलो नाशपाती 60 किलो, बाबू सब्जी के दाम सुनकर मुस्कुराया और हरी सब्जी की ओर कदम आगे बढ़ाया, जैसे-जैसे शुब्ध कदम क्षोभ मन मंडल से बढ़ समताप मंडल में पहुंच रहे थे। सब्जी के दाम तो रॉकेट की गति से आसमान चूम रहे थे। द्रवित द्रव्य मन से कठोर बन बाबूभाई तेज -तेज आगे बढ़ रहे थे। वैसे- वैसे आंखों की ओजोन परत क्षतिग्रस्त हो इधर उधर भटक रही थी। टिंडा- भिंडी क्या भाव? और ग्वार फली... भैया सब 30 पाव, यानी ग्वार फली भी गवार नहीं रही। वह भी शहर की फली बन गई!

लौकी क्या भाव है? ... 30 पाव बाबू, मतलब! मतलब 120 रुपए किलो! यह मुंह और मसूर की दाल तो क्या मसूर की दाल ही बना लें! उसके दाम भी मसूरी की पहाड़ी से कौन से नीचे हैं? देख नहीं रहे हो समाचारों में सारे पर्यटक वहीं भाग रहे हैं। तभी तो उसके भाव भी आसमान छू रहे हैं। बाबू को मां की याद आई। टिंडे- भिंडी महंगे होने पर घर में आलू की बारी आती या मां पापड़- मंगोड़ी मही डाल बनाती। हां ,अनपढ़ होने पर भी वह अर्थशास्त्र के नियम को समझ जाती ।प्रतिस्थापित वस्तुओं को अपनाकर परिवार को चलाती।

हां, गिफिन वस्तुएं हुई तो क्या हुआ? इन्हीं से तो महंगाई, मुद्रास्फीति में घर-गृहस्थी चलाती। रेपो रेट वह मासूम क्या जानती! रिश्तों के रेम्प को वह हमेशा पीढ़ी दर पीढ़ी बांधतीं और साधती। तभी कहीं से गाना बजा। सखी सैंया तो खूब ही कमात है महंगाई डायन खाए जात है।

वैसे हमने तो बुजुर्गों से सुना है। डायन भी सात घर छोड़ती है। बाबू भैया महीने का हिसाब -किताब करते हुए! मन ही मन मनन कर रहे हैं। अच्छा तो वह कौन से सात घर होगे जहां यह डायन महंगाई कभी नहीं दिखती है! वहां तो इसकी ऊंची आवाज भी दरवाजे से बाहर नहीं सुनती है। मुझे तो लगता है! बेईमान, मुनाफाखोर, कालाबाजारी, भ्रष्टाचारी, जालसाज, घूसखोर, धोखाधड़ी करने वाले इन सात पुण्य आत्माओं पर महंगाई, मुद्रास्फीति की अवस्फीति, अवसाद, अपंगता कभी नहीं टिकती है। अपंगता नहीं, दिव्यांगता कहना ज्यादा अच्छा होगा! लेकिन किसकी? इनकी या जिन्होंने इसका टीकाकरण किया है उनकी? वैसे इनके टीकाकरण का टीकाऊपन भी टुड्डे की रफ्तार से आगे बढ़ता है यही नहीं,गिफिन वस्तुओं को भी गली से निगलता है। क्या कभी इन्हें रोते देखा है? उधर,क्यों रो रहा है आम आदमी? मां कहती थी। जिसकी मां मरती है, वही रोता है। इसका मतलब इनकी मां नहीं मरती! मां तो किसी की भी नहीं मरनी चाहिए चाहे बेमाता ही क्यों ना हो, लेकिन सच तो यह भी है। अपनी मां को डायन कौन कहे? फिर यह मुहावरा भी याद आता है।


## नॉलेज कॉर्नर: मंदिर को बनाने में लगा चार साल का समय

# सेठ जयराम ने बनाया था मोतीडूंगरी गणेश मंदिर

भगवान गणेश का हिंदू पौराणिक कथाओं में ही नहीं बल्कि हर भक्त के दिल में भी एक विशेष स्थान है। हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले हर धार्मिक समारोह या त्यौहार की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा से होती है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत में भगवान गणेश की पूजा की जाती है। जयपुर शहर में भी एक ऐसा ही विश्व प्रसिद्ध गणेश मंदिर है, जहां रोज हजारों भक्त आते हैं। भक्त अपने जीवन के हर महत्वपूर्ण अवसर पर इस मंदिर में आते हैं, चाहे वह अपनी पहली कार खरीदना हो, या शादी के बाद या वीजा के लिए आवेदन करने से पहले। मंदिर शहर के लोगों के दिलों में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### मोती डूंगरी मंदिर का इतिहास

किंवदंती है कि 17वीं शताब्दी में जब मेवाड़ के राजा घर लौट रहे थे, तो वे अपने साथ बैलगाड़ी पर भगवान गणेश की मूर्ति ले जा रहे थे। उन्होंने घोषणा की कि जहां भी बैलगाड़ी सबसे पहले रुकेगी, वे भगवान गणेश का मंदिर बनवाएंगे। गाड़ी मोती डूंगरी की तलहटी में रुकी और यहीं पर मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर के निर्माण का जिम्मा सेठ जयराम पालीवाल और महंत शिव नारायण को सौंपा गया जिन्होंने चार साल में इस मंदिर का निर्माण करवाया और यह 1761 में बनकर तैयार हुआ। महाराजा माधो सिंह के बेटे के लिए इस जगह पर स्कॉटिश महल जैसा एक परिसर बनाया गया था और मंदिर को इसके भीतर रखा गया था। आसपास का महल आगंतुकों के लिए खुला नहीं है क्योंकि यह एक निजी संपत्ति है, लेकिन मंदिर सभी के लिए खुला है। इस मंदिर का नाम मोती डूंगरी इसलिए पड़ा क्योंकि यह मोती डूंगरी पहाड़ी के तल पर बना है। अंग्रेजी में मोती का मतलब मोती होता है जबकि स्थानीय भाषा में डूंगरी का मतलब छोटी पहाड़ी होता है।



### तीन मुख्य धर्मों का दर्शन

मंदिर परिसर 2 किलोमीटर में फैला हुआ है और इसकी इमारत में तीन गुंबद हैं जो देश में पालन किए जाने वाले तीन मुख्य धर्मों को दर्शाते हैं। संगमरमर में जटिल जालीदार काम इस मंदिर की सुंदरता को बढ़ाता है जिसे पत्थर से तराशा गया है। दीवारों पर पौराणिक कथाओं के दृश्य सजे हुए हैं जो आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। मंदिर के प्रवेश द्वार के दोनों ओर दो चबूतरे हैं जहां भक्तगण प्रार्थना करने के बाद बैठ सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि अगर भक्तगण प्रार्थना करने के बाद कुछ मिनट के लिए बैठ जाएं और तुरंत घर वापस न जाएं तो भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं। मंदिर के अंदर का हिस्सा भी उतना ही आकर्षक है जितना कि इसका बाहरी ढांचा। मंदिर में भगवान गणेश की एक विशाल मूर्ति है, जिसमें वे बैठी हुई मुद्रा में हैं और उनकी सूंड बाईं ओर है। भगवान गणेश की ज्यादातर मूर्तियों में उनकी सूंड दाईं ओर होती है और बाईं ओर वाली मूर्तियों को काफी शुभ माना जाता है।

### मंदिर दर्शन का सर्वोत्तम समय

*जैसा कि कहा जाता है कोई भी व्यक्ति जब चाहे तब मंदिर जाकर प्रार्थना व दर्शन कर सकता है। वैसे तो मोती डूंगरी मंदिर में सप्ताह के हर दिन भक्तों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन बुधवार का दिन मंदिर के लिए सबसे व्यस्त दिनों में से एक होता है, क्योंकि भगवान गणेश बुध ग्रह के देवता हैं, इसलिए यह दिन खास माना जाता है।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**जेपी नड्ढा,** राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा
@JPNadda
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हम सभी के आदर्श आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी के नई दिल्ली स्थित आवास पर उन्हें 'भारतीय जनता पार्टी- राष्ट्रीय सदस्यता अभियान' के अंतर्गत सदस्यता के नवीनीकरण की प्रति दी। संगठन के लिए आपका अखंड समर्पण वंदनीय है और सदैव हमें प्रेरणा प्रदान करते हैं।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥
शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर प्रथम गुरुदेव के पुनीत चरणों का वंदन करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके कुशल मार्गदर्शन ने मेरे जीवन में ज्ञान के दीप को प्रज्वलित किया है, जिसकी अक्षय ज्योति आज भी मेरे जीवन-पथ को प्रकाशमान कर रही है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव: पीपुल्स कॉन्फ्रेंस का घोषणा पत्र जारी, किए दो बड़े वादे

# अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा करेंगे बहाल : लोन

**एजेंसी** | श्रीनगर

पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) ने गुरुवार को अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी करते हुए जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और राज्य का विशेष दर्जा फिर से बहाल करने के बड़े वादे किए गए हैं।

पार्टी के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, अगर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए कोई प्रस्ताव आता है, तो हम उसका समर्थन करेंगे। अगर ऐसा प्रस्ताव नहीं आता, तो हम इसे लाएंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा केवल संसद द्वारा ही बहाल किया जा सकता है। लोन ने कहा, हमें मिलकर अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए आंदोलन करना होगा। यह एक संघीय समाधान है जो कई प्रांतों के साथ बनाया गया है और पिछले 200 वर्षों से वैश्विक स्तर पर अपनाया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय लोकतंत्र के विकसित होने के साथ अनुच्छेद 370 के बराबर का संघीय समाधान उपलब्ध होगा।



### घोषणा पत्र में किए ये प्रमुख वादे

- जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए की बहाली।
- राज्य का विशेष दर्जा फिर से बहाल करना।
- 1987 के विधानसभा चुनावों में धांधली की जांच के लिए एक विशेष न्यायिक आयोग का गठन।
- सरकारी संपत्तियों की जब्ती, विध्वंस अभियान और सरकारी नौकरी से बर्खास्तगी को समाप्त करना।
- पीड़ितों के पुनर्वास, कठोर कानूनों को निरस्त करना और मानवाधिकारों की रक्षा।

### अकेले चुनाव लड़ेगी पीपुल्स कॉन्फ्रेंस

लोन ने चुनाव पूर्व गठबंधन की संभावनाओं को नकारते हुए कहा कि पीपुल्स कॉन्फ्रेंस अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि वह संभवतः हंदवाड़ा और कुपवाड़ा सीटों से चुनाव लड़ेंगे। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर की 2019 से पहले की संवैधानिक स्थिति को बहाल करने के लिए विधायी और अन्य प्रयासों का समर्थन करने का संकल्प लिया है।

### अवामी इत्तेहाद पार्टी प्रमुख के भाई ने छोड़ी सरकारी नौकरी, चुनाव लड़ने के कयास

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला से सांसद और अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के प्रमुख इंजीनियर अब्दुल रशीद के भाई खुर्शीद अहमद शेख ने अपने सरकारी पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृति का आवेदन दिया था, जिसे जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंजूर कर लिया है। शेख 2003 से शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। अब ऐसे कयास हैं कि शेख आगामी विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। उनके उत्तरी कश्मीर में लंगेट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की उम्मीद है। इस सीट से उनके भाई इंजीनियर रशीद चुनाव लड़ा करते थे। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के आदेश में कहा गया है कि सरकार ने खुर्शीद अहमद शेख की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

### देशमुख ने झूठा मुकदमा दर्ज करने के लिए डाला दबाव



**जलगांव (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने गुरुवार को कहा कि पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने उन पर एक झूठा मामला दर्ज करने का दबाव डाला था। सीबीआई ने भाजपा के नेता को कथित तौर पर झूठे मामलों में फंसाने के लिए सीबीआई ने देशमुख के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महाजन ने कहा कि देशमुख ने मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए किसी पर दबाव डाला था। मैं दो-तीन बार पूछा कि ऐसा क्यों किया जा रहा है। इस पर अनिल देशमुख ने कहा कि वह दबाव में हैं। उन्होंने मुझे शरद पवार से मिलने की सलाह दी। मैंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी।

### जेपीसी को दी वक्फ संपत्तियों की जानकारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मौजूद वक्फ संपत्तियों से वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति को अवगत कराया गया है। बता दें कि संसद के वक्फ पैनल के सामने कई शीर्ष सरकारी अधिकारी पेश हुए हैं। इस बैठक में शहरी मामलों और सड़क परिवहन विभाग के सचिव अनुराग जैन और रेलवे बोर्ड के सदस्य (अवसंरचना) अनिल कुमार खंडेलवाल और संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों ने अपनी प्रस्तुति दी। शहरी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों ने दिल्ली शहर के निर्माण के लिए 1911 में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की तरफ से किए गए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के बारे में समिति को जानकारी दी। इस मामले में संसदीय सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान उस समय तीखी बहस हुई जब शहरी मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ब्रिटिश प्रशासन की तरफ से अपनाई गई भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पर सदस्यों के सवालों का जवाब नहीं दे पाए।

## हरियाणा : BJP प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही पार्टी में बगावत के सुर मुखर

# रणजीत चौटाला व सावित्री जिंदल ने की निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा

- कई नेताओं का पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान

**एजेंसी** | चंडीगढ़/नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा बुधवार रात 67 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही बगावत के सुर मुखर होने लगे हैं। कई जगह टिकट वितरण को लेकर पार्टी की स्थानीय इकाइयों के पदाधिकारियों ने पद छोड़ने की घोषणा की है। 24 घंटे के भीतर एक कैबिनेट मंत्री और एक विधायक समेत 250 नेताओं के पार्टी छोड़ने की खबर है। पार्टी छोड़ने की घोषणा करने वालों में सुखविंदर श्योराण, लक्ष्मण नापा, रंजीत सिंह चौटाला, जीएल शर्मा, सुनील राव, आदित्य चौटाला और पूर्व में मंत्री रहे कर्णदेव कंबोज शामिल हैं। वहीं बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला और भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां और पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इससे पहले दोनों नेताओं ने गुरुवार को अपने अपने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई और उनसे अपने अगले कदम के बार में चर्चा की। बाद में दोनों नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कही। उनके इन बयानों से राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। वहीं, तोशाम से श्रुति चौधरी को टिकट दिए जाने से नाराज भाजपा नेता शशि रंजन परमार ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

### किसी ने पार्टी नहीं छोड़ी... हम समझाएंगे : सीएम सैनी



पार्टी में एक के बार एक छह इस्तीफे और दो नेताओं के निर्दलीय लड़ने के ऐलान पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि किसी ने पार्टी नहीं छोड़ी है। सभी हमारे वरिष्ठ नेता हैं, कमल का फूल एक जगह जाएगा क्योंकि एक फूल है और लेने वाले कई हैं, देना एक को है। हम समझाएंगे। कुछ ऐसी ही प्रतिक्रिया हरियाणा भाजपा के सह प्रभारी बिप्लब देव ने भी दी है। उन्होंने यह कहकर आक्रोश को कम करने की कोशिश की है कि पार्टी सभी को टिकट नहीं दे सकती है। पार्टी ने सीएम सैनी को लाडवा से टिकट दिया है। वह उप चुनाव में करनाल सीट से जीते थे।

### बेटा भाजपा में शामिल हुआ था, मैंने कभी ज्वाइन नहीं की: सावित्री जिंदल



देश की चौथी सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने कहा कि वह मैं भाजपा की सदस्य नहीं हूं। केवल बेटा भाजपा में शामिल हुआ था। उन्होंने कहा कि वह हिसार की सेवा करना चाहती हैं और ऐसे में अब निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा, हिसार की जनता जो कहेगी, मैं वो करूंगी। हिसार में एक जनसभा में सावित्री जिंदल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सिर्फ मैं अपने बेटे का चुनाव प्रचार करने गई थी, मैंने कभी भाजपा में शामिल नहीं हुई थी। गौरतलब है कि कभी कांग्रेस के सांसद रहे नवीन जिंदल ने लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदला था और भाजपा में शामिल हो गए थे। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीता था। उनकी माता भी कांग्रेस की बड़ी नेता थी और सरकार में मंत्री भी रही हैं।

### रणजीत सिंह ने की कार्यकर्ताओं से मंत्रणा... कहा- चुनाव जरूर लड़ूंगा



वहीं, राज्य के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने रानिया से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के खिलाफ बगावती सुर अपनाए हैं। उन्होंने गुरुवार को सिरसा स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने अपने अगले कदम पर चर्चा की और स्पष्ट किया कि वह चुनाव जरूर लड़ेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा के दिल्ली स्थित वरिष्ठ नेताओं के फोन लगातार आ रहे हैं। लेकिन अब रणजीत सिंह ने आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला ले लिया है। रणजीत सिंह ने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौटाला 8 सितंबर को रानियां में शक्ति प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हाईकमान ने मुझे डबवाली से चुनाव लड़ने की पेशकश की है, लेकिन मैंने इसे ठुकरा दिया।

### टिकट न मिलने से घमासान यहां भी

रतिया विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को टिकट दिए जाने से नाराज होकर रतिया के वर्तमान विधायक लक्ष्मण नापा ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। नापा ने बुधवार देर रात को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली को अपना इस्तीफा भेज दिया। वहीं, दीपक हुड्डा को टिकट दिए जाने से नाराज पार्टी की रोहतक कार्यकारिणी ने सामूहिक इस्तीफा दिया। कुछ दिनों से सुनीता दुग्गल रतिया क्षेत्र में सक्रिय हो गई थी। कार्यकर्ताओं को दुग्गल को टिकट मिलने की आहट होने पर पार्टी में विरोध के स्वर पहले से ही उठने लगे थे। बाकायदा कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर स्थानीय उम्मीदवार को ही टिकट देने की मांग की गई थी। कार्यकर्ताओं ने मौजूदा विधायक लक्ष्मण नापा, जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा और मुख्तयार बाजीगर में से किसी एक को टिकट देने की मांग की थी। भाजपा से इस्तीफा देने के बाद लक्ष्मण नापा के कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है।

## आबकारी नीति घोटाला केस

# सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**एजेंसी** | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर सुनवाई की है। वहीं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखा। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि 'सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें केजरीवाल का नाम नहीं है। साथ ही केजरीवाल को बीते दिनों अंतरिम जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली सीएम समाज के लिए खतरा नहीं हैं।' सिंघवी ने ये भी कहा कि दो बार सुप्रीम कोर्ट और एक बार ट्रायल कोर्ट केजरीवाल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दे चुका है। सिंघवी के अनुसार, एक बार सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए जमानत पर रिहा किया था और एक बार ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी केजरीवाल को जमानत मिल चुकी है। सिंघवी ने दलील दी कि केजरीवाल एक संवैधानिक पद पर हैं और समाज के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई में दो वर्षों में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी, लेकिन फिर बीती 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल की गिरफ्तारी एक तरह से इंश्योरेंस गिरफ्तारी थी। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर 23 अगस्त को सीबीआई से हलफनामा देने को कहा था।

### इन तर्कों के आधार पर जमानत का विरोध

सिंघवी की दलीलों पर सीबीआई का पक्ष रख रहे एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि पहली आपत्ति तो ये है कि केजरीवाल को जमानत के लिए पहले ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए न कि सीधे सुप्रीम कोर्ट में अपील करनी चाहिए। राजू ने कहा कि ऐसा लगता है कि केजरीवाल कोई खास व्यक्ति हैं, जिनके लिए अलग तरीका अपनाया जा रहा है।

## विकास के एजेंडे के लिए महायुति में हुए थे शामिल

# सेकुलर विचारधारा पर समझौता नहीं: अजित

**एजेंसी** | मुंबई



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि वह विकास के एजेंडे के लिए महायुति में शामिल हुए, लेकिन धर्मनिरपेक्ष विचारधारा पर कोई समझौता नहीं करेंगे। ज्ञात रहे कि सत्ताधारी महायुति में भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अजित पवार ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी महायुति गठबंधन के हिस्से के रूप में 60 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान की अफवाहों को भी खारिज किया। इसके अलावा, अजित पवार ने गठबंधन सरकार में शामिल होने के अपने फैसले के बारे में भी विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा, जब हमने गठबंधन पर चर्चा शुरू की थी, तो हमने साफ कहा था कि हमारी विचारधारा धर्मनिरपेक्ष है और हम इस पर कोई समझौता नहीं करेंगे। लेकिन जब आप मुझसे ऐसे सवाल पूछते हैं, तो मैं एक बात पूछना चाहता हूं। कट्टर हिंदुत्ववादी पार्टी शिवसेना थी... लेकिन आप (कांग्रेस और संयुक्त एनसीपी) ढाई साल तक शिवसेना के साथ सरकार में थे... मैं भी इसका हिस्सा था। तो तब ऐसे सवाल क्यों नहीं पूछे गए? तब यह धर्मनिरपेक्ष विचारधारा और प्रगतिशील सोच कहां थी? डिप्टी सीएम ने आगे कहा, अब आपको दिक्कत तब हो रही है जब हम विकास के एजेंडे के साथ (महायुति) सरकार में शामिल हुए हैं। हम इस स्पष्ट रुख के साथ शामिल हुए कि हम अपनी धर्मनिरपेक्ष विचारधारा से समझौता नहीं करेंगे। सभी एनसीपी विधायकों ने इस गठबंधन (शिवसेना और भाजपा के साथ) का समर्थन किया। शरद पवार ने भी 2014 में राज्य में सरकार बनाने के लिए भाजपा को खुले तौर पर बाहर से समर्थन दिया। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार केवल उस बाहरी समर्थन के कारण बनी थी। उन्होंने कहा, 2017 में भी एनसीपी ने एनडीए में शामिल होने के लिए भाजपा से बातचीत शुरू की थी। विभागों और मंत्रालयों पर बातचीत पूरी हो गई थी। इसी तरह 2019 में भी एनसीपी और भाजपा के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन पर चर्चा हुई थी और सीटों के बंटवारे पर भी बातचीत हुई थी।

## जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन का प्रशांत किशोर पर प्रहार, कहा-

# बिहार में पीके का कोई भविष्य नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली



नई पार्टी बनाकर बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने का ऐलान करने वाले जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने हमला बोला है। जदयू के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पीके सिर्फ सपने दिखा सकते हैं। पूरी जिंदगी उन्होंने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। कोई उनके सपनों पर क्यों यकीन करेगा। उन्होंने दावा किया कि पीके ने बिहार के लिए कोई सकारात्मक काम नहीं किया तो जनता उन्हें स्वीकार नहीं करेगी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार राजीव रंजन ने कहा कि फिलहाल तो बिहार की राजनीति में पीके का कोई भविष्य नहीं है। कोशिश हर व्यक्ति को करनी चाहिए। वह भी कर रहे हैं। लेकिन अभी तक वह चुनावी रणनीतिकार की भूमिका में रहे हैं। पहली बार, खुद को केंद्र में रखकर बिहार में राजनीतिक पार्टी की शुरुआत कर रहे हैं। उनकी बातें बचकानी हैं। रंजन ने एनडीए में मतभेद की अटकलों को जेडीयू प्रवक्ता ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित बिहार के संकल्प के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अविश्वसनीय और सुदृढ़ गठबंधन है। एनडीए देश और बिहार के हित में है। बिहार की उम्मीद नीतीश कुमार की अगुवाई में ही संभव है। इस बार के बजट में जो प्रावधान हैं, उनसे इस उम्मीद को ताकत मिली है।

हालांकि राजीव रंजन ने कहा कि विभिन्न मुद्दों पर एनडीए के घटक दलों के बीच छोटी-मोटी असहमति होना स्वाभाविक है। मगर यह टकराव का कारण नहीं बनेंगी। सभी दलों के नेता मिल-बैठकर इनका भी समाधान निकाल लेंगे।

## कांग्रेस नेता पतंगराव कदम की प्रतिमा का अनावरण

# सत्ता में आने पर कांग्रेस कराएगी जातिगत जनगणना : राहुल गांधी

- पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा- महाराष्ट्र के हर व्यक्ति से मांगें माफी

**एजेंसी** | मुंबई/सांगली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने शिवाजी महाराज का अपमान किया है। उन्हें सिर्फ शिवाजी महाराज से नहीं, महाराष्ट्र के हर व्यक्ति से माफी मांगनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जातिगत जनगणना कराएंगे। राहुल गांधी ने सांगली में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। इससे पहले राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सांगली में कांग्रेस के दिवंगत नेता पतंगराव कदम की प्रतिमा का अनावरण किया। बाद में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा गिरने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने पर उनसे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा माफी मांगे जाने की क्या वजह थी? प्रधानमंत्री शायद इसलिए माफी मांग रहे कि उन्होंने जिसको कांट्रैक्ट दिलाया उसने भ्रष्टाचार किया। महाराष्ट्र के लोगों से चोरी की। शिवाजी महाराज की याद में मूर्ति बनाई और इतना भी ध्यान नहीं दिया कि मूर्ति खड़ी रहे।



### महाराष्ट्र कांग्रेस की विचारधारा की भूमि

राहुल गांधी ने कहा महाराष्ट्र कांग्रेस की विचारधारा की भूमि है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मलिल्लकार्जुन खरगे जब कर्नाटक जाते हैं तो उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। इसी तरह से जब महाराष्ट्र आते हैं तो भी खुश रहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इसी तरह की फीलिंग उनकी भी हैं। इसके बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर बताया और कहा कि आपने भाजपा की नींद की उड़ा रखी है। उन्होंने कहा देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक विचारधारा नफरत फैलाकर लड़ा रही है। हम देश में अमन चैन चाहते हैं। मुहब्बत चाहते हैं। राहुल गांधी ने मणिपुर का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पर भाजपा के लोगों ने अगा लगाई है। ये जाति को जाति से लड़ा रहे हैं। आज ये लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। इससे पहले यही लड़ाई शिवाजी महाराज और फुले जी ने लड़ी थी। अगर आप छत्रपति शिवाजी महाराज, शाहू जी महाराज, फुले जी, अंबेडकर जी को पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि इन सभी की विचारधारा और कांग्रेस की विचारधारा एक जैसी है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार भी मौजूद रहे।

### हमने दबाव डाला तो आरएसएस ने मानी जातिगत जनगणना की बात

राहुल गांधी ने कहा कि हमने जातिगत जनगणना की बात की। ताकि पता चले कि देश में किसकी कितनी आबादी है और किसका कितना हक। पहले भाजपा ने विरोध किया, लेकिन जब हमने दबाव डाला तो आरएसएस ने कहा कि जातिगत जनगणना जरूरी है। हमने संसद में कहा है कि कुछ भी हो जाए हम जातिगत जनगणना जरूर करवाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं। हर विभाग में यह अपने लोगों को रखना चाहते हैं। आज हिंदुस्तान में एक ही तरीके की मेरिट है। अगर आप आरएसएस के हो तो मेरिट है। अगर आएसएस के नहीं हैं, तो आपके लिए कोई जगह नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस शिक्षा के क्षेत्र में अपना हाथ फैला रही है। वो सिलेबस बदल रही है और संविधान को भी हटाना चाहती है लेकिन हम संविधान को हटाने नहीं देंगे, संविधान बचाने के लिए मजबूती से लड़ेंगे।

## पीएम मोदी का सिंगापुर में दोस्ती और बिजनेस 'राग'






**सिंगापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सिंगापुर में बिजनेस लीडर्स समिट को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से अहम मुद्दों पर बातचीत की। चित्र में पीएम मोदी वोंग से गले मिलते हुए तथा बिजनेस समिट में सिंगापुर की कंपनियों के प्रमुखों व मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ।

### जरूरी खबर

## समलैंगिकता के बारे में नहीं पढ़ेंगे चिकित्सा छात्र

**नई दिल्ली।** स्नातक चिकित्सा छात्रों के लिए फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी पाठ्यक्रम में 'सोडोमी और समलैंगिकता' को अप्राकृतिक यौन अपराध के रूप में अब नहीं पढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने 31 अगस्त को जारी किए सोडोमी और समलैंगिकता को पाठ्यक्रम में शामिल करने के आदेश को रद्द कर दिया। आयोग ने कहा कि योग्यता आधारित चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम (सीबीएमई) 2024 के तहत सोडोमी और समलैंगिकता को फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए गए थे। इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है और रद्द कर दिया गया है। आयोग हाइमन और उसके प्रकार और इसके चिकित्सा-कानूनी महत्व के अलावा कौमार्य और अपवित्रता, वैधता और इसके चिकित्सा-कानूनी महत्व जैसे विषयों को भी वापस लाया था।

## शिवराज ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा



**विजयवाड़ा।** बाढ़ से जूझ रहे आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा का गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने हवाई सर्वे किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों का नाव में बैठकर जायजा लिया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शिवराज सिंह को बाढ़ के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विजयवाड़ा में अभूतपूर्व संकट की स्थिति है। शिवराज सिंह ने कहा कि फसलों को भी बहुत नुकसान हुआ है। लगभग दो लाख किसान प्रभावित हुए हैं। नुकसान का आकलन करने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि पांच दिन से लोगों के घरों में पानी भरा हुआ है।

## क्रिकेटर रवींद्र जडेजा भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अब राजनीति में उतर गए हैं। वह भाजपा के सदस्य बन गए हैं। जामनगर से भाजपा विधायक और जड़ेजा की पत्नी रिवाबा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, रवींद्र जड़ेजा ने भाजपा की सदस्यता स्वीकार कर ली है। गौरतलब है कि रवींद्र जडेजा ने हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। रवींद्र जड़ेजा अपनी पत्नी रीवाबा के साथ कई बार चुनाव प्रचार कर चुके हैं।

## उज्जैन: महिला को शराब पिलाई, सड़क पर रेप

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में सड़क किनारे रेप का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो में एक युवक महिला से अश्लीलता करते हुए दिखाई दे रहा है। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि युवक ने शादी का वादा कर महिला को शराब पिलाई और उसके बाद रेप किया। फिर धमकी देकर फरार हो गया। वीडियो संज्ञान में आने के बाद पीड़ित महिला को थाने लाया गया, जहां शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

## NIA ने इंदरपाल सिंह के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की राजधानी लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर पिछले साल हुए हिंसक हमलों की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एनआईए ने गुरुवार को इंदरपाल सिंह गाबा के खिलाफ दिल्ली की एक विशेष एनआईए अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। गाबा ब्रिटेन का नागरिक है और हाउस्लो में रह रहा है, जबकि वह मूल रूप से नई दिल्ली का निवासी है। एनआईए ने गाबा को 25 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ आरोप साबित करने के लिए लंबी जांच की गई। जांच में गाबा की भूमिका स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आई है। गाबा को दिसंबर 2023 में लंदन से पाकिस्तान होते हुए भारत लौटते समय अटारी सीमा पर आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एक लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था।

### भारत-सिंगापुर में चार समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# हम भारत में भी कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं: पीएम मोदी

**एजेंसी** | सिंगापुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने गुरुवार को गहन बातचीत की। सिंगापुर और भारत के बीच चार समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। इस मौके पर मोदी ने कहा कि सिंगापुर न केवल एक साझेदार राष्ट्र है, बल्कि यह प्रत्येक विकासशील देश के लिए प्रेरणा है। पीएम मोदी ने कहा, हम भारत में भी कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं और मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं। वार्ता के बाद भारत और सिंगापुर ने पीएम मोदी और लॉरेंस वोंग की मौजूदगी में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने सहमति पत्रों का आदान-प्रदान किया।



### इन क्षेत्रों में सहयोग का रास्ता खुला

- डिजिटल प्रौद्योगिकी
- स्वास्थ्य और चिकित्सा
- शैक्षिक सहयोग और कौशल विकास
- भारत-सिंगापुर सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र

### द्विपक्षीय संबंधों में नया अध्याय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पीएम मोदी और उनके समकक्ष लॉरेंस वोंग की बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, संबंधों में एक नया अध्याय : व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने गुरुवार को सिंगापुर में एक सार्थक बैठक की। उन्होंने कहा, दोनों नेताओं ने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

### ऐसे बढ़ेगा सहयोग

- डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे डीपीआई, साइबर सुरक्षा, 5जी और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे सुपर-कंप्यूटिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।
- डिजिटल डोमेन से संबंधित श्रमिकों के कौशल विकास और पुनर्कौशल के लिए सहयोग -सेमीकंडक्टर क्लस्टर के विकास, सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण में सहयोग।

### पीएम मोदी ने जताई सिंगापुर के और तेजी से विकास की उम्मीद

मोदी ने गर्मजोशी से स्वागत के लिए वोंग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आपके प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह हमारी पहली मुलाकात है। मेरी ओर से आपको बहुत-बहुत बधाई। मुझे पूरा भरोसा है कि 4जी (चौथी पीढ़ी के नेताओं) के नेतृत्व में सिंगापुर और भी तेजी से प्रगति करेगा। मोदी ने कहा, हमारे बीच जिस मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन की व्यवस्था हुई है, वह एक पथ-प्रदर्शक तंत्र है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास, डिजिटलीकरण, गतिशीलता, उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा (एआई), स्वास्थ्य सेवा, स्थिरता और साइबर सुरक्षा में दोनों देशों के बीच साझेदारी इस तंत्र की पहचान बन गई है। मोदी वोंग के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। वोंग के साथ वार्ता से पहले मोदी का सिंगापुर संसद भवन में भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने वहां आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात वोंग के सिंगापुर का प्रधानमंत्री बनने और मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने के कुछ महीनों बाद हुई है।



### आतंकवाद को बताया सबसे बड़ा खतरा

मोदी की यात्रा के बाद भारत व सिंगापुर की तरफ से जारी संयुक्त बयान में चीन के आक्रामक रवैये से साउथ चीन सी की मौजूदा स्थिति की तरफ सीधा इशारा किया है। इसके साथ ही वैश्विक शांति व स्थिरता के लिए आतंकवाद को सबसे बड़ा खतरा बताते हुए दोनों देशों ने कहा है कि इसे किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराना चाहिए।

### 5 लाख करोड़ रुपए के निवेश की जताई प्रतिबद्धता

पीएम मोदी के साथ सिंगापुर के कारोबारियों की गोलमेज बैठक में वहां की कंपनियों ने अगले कुछ वर्षों में भारत में 5 लाख करोड़ रुपए (लगभग 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। बिजनेस लीडर्स समिट के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हम भारत में कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पीएम ने कहा, हम सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहे हैं। हम इस क्षेत्र में एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर काम कर रहे हैं। भारत में टियर 2 और टियर 3 शहरों में स्टार्टअप बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का सहारा समूह को आदेश

## 15 दिन में जमा कराएं 1000 करोड़ रुपए

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में सहारा समूह को 15 दिनों की समय सीमा के भीतर एक एस्क्रो खाते में 1,000 करोड़ रुपए जमा करने का आदेश दिया।

इसके अतिरिक्त न्यायालय ने मुंबई में सहारा समूह के अपनी वर्सोवा भूमि के विकास के लिए एक संयुक्त उद्यम में प्रवेश करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी, जिसका उद्देश्य 10 हजार करोड़ रुपए की राशि एकत्र करना है। ज्ञात रहे कि एस्क्रो खाता एक ऐसा खाता है, जिसमें दो या दो से अधिक पार्टियों द्वारा ट्रस्ट में धनराशि का लेन-देन किया जाता है। इसका मतलब है कि एक भरोसेमंद तीसरा पक्ष धन सुरक्षित रखेगा। शीर्ष अदालत के 2012 के आदेश के अनुपालन में निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की राशि सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा की जानी है। जस्टिस संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि यदि संयुक्त उद्यम समझौता 15 दिनों के भीतर अदालत में दाखिल नहीं किया जाता है, तो वह वर्सोवा में 1.21 करोड़ वर्ग फीट जमीन 'जहां है, जैसी है' के आधार पर बेच देगी।




### एक महीने बाद आगे की सुनवाई

पीठ ने कहा कि तीसरे पक्ष द्वारा जमा किए जाने वाले 1,000 करोड़ रुपए एस्क्रो खाते में रखे जाएंगे। यदि (संयुक्त उद्यम समझौते के लिए) इस अदालत द्वारा अनुमति नहीं दी जाती है, तो राशि तीसरे पक्ष को वापस कर दी जाएगी। अदालत ने मामले को एक महीने बाद आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## मणिपुर में स्थिति सामान्य बनाने के प्रयास : भागवत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि मणिपुर में चुनौतीपूर्ण स्थिति और सुरक्षा की किसी भी गारंटी के अभाव के बावजूद संगठन के स्वयंसेवक वहां मजबूती से तैनात हैं। भागवत ने कहा, मणिपुर में मौजूदा स्थिति कठिन है। स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर सशंकित हैं। जो लोग वहां व्यवसाय या सामाजिक कार्य के लिए गए हैं, उनके लिए स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में भी संघ के स्वयंसेवक स्थिति को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। वे शंकर दिनकर की शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिन्होंने मणिपुर में काम किया। इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा, हम सभी भारत को वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने वाला देश बनाने की बात करते हैं, लेकिन यह केवल शंकर दिनकर जैसे लोगों की 'तपस्या' के कारण ही संभव है। मणिपुर जैसे राज्यों में आज हम जो अशांति देख रहे हैं, वह कुछ लोगों का काम है जो प्रगति के मार्ग में बाधा उत्पन्न करना चाहते हैं।

### शिक्षक दिवस: राष्ट्रपति ने किया शिक्षकों को सम्मानित

# महिलाओं का सम्मान शब्दों में नहीं, व्यवहार में झलके: मुर्मू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किसी भी समाज में महिलाओं की स्थिति को उसके विकास का महत्वपूर्ण मानदंड बताते हुए गुरुवार को कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को इस तरह शिक्षित करें कि वे हमेशा महिलाओं की गरिमा का सम्मान करें और उसके अनुरूप आचरण करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं का सम्मान सिर्फ शब्दों में नहीं बल्कि 'व्यवहार' में भी दिखना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्रदान किए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि शिक्षकों को ऐसे नागरिक तैयार करने होंगे जो न सिर्फ शिक्षित हों बल्कि संवेदनशील, ईमानदार और उद्यमी भी हों। उन्होंने कहा, जीवन में आगे बढ़ना ही सफलता है, लेकिन जीवन का सही मायने में अर्थ दूसरों की भलाई के लिए काम करना है। हमारे अंदर करुणा होनी चाहिए। हमारा आचरण नैतिक होना चाहिए। सार्थक जीवन में ही सफल जीवन निहित है। छात्रों को ये मूल्य सिखाना शिक्षकों का कर्तव्य है।




### 50 शिक्षकों को किया सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 जीतने वाले 50 शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के 16 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 16 शिक्षकों को भी पुरस्कार प्रदान किए।

### शिक्षण सिर्फ नौकरी नहीं, मानव निर्माण का अभियान

राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी शिक्षा प्रणाली की सफलता में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षकों की होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह मानव निर्माण का पवित्र अभियान है। अगर कोई बच्चा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता है, तो शिक्षा प्रणाली और शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। मुर्मू ने कहा कि अक्सर शिक्षक केवल उन छात्रों पर विशेष ध्यान देते हैं जो परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन उत्कृष्टता का केवल एक आयाम है। कोई बच्चा बहुत अच्छा खिलाड़ी हो सकता है, किसी बच्चे में नेतृत्व कौशल हो सकता है, कोई बच्चा सामाजिक कल्याण गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेता है। शिक्षक को हर बच्चे की प्रतिभा को पहचानना और उसे बाहर निकालना होता है.

## साइबर सुरक्षा का इको सिस्टम बनाना जरूरी: सोमनाथ


**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि साइबर सुरक्षा का खतरा डाटा चोरी तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्र की सुरक्षा से भी जुड़ा है। इसलिए साइबर सुरक्षा उपकरण विकसित करने के लिए इकोसिस्टम बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा अनुसंधान एवं विकास केंद्र साइबर नालंदा की आधारशिला रखने के दौरान ये बातें कहीं। साइबर नालंदा का निर्माण फोरेंसिक- साइबर सुरक्षा मुहैया कराने वाली कंपनी एसआइसीए द्वारा किया जा रहा है। सोमनाथ ने कहा, मैं उस पीढ़ी से हूं, जिन्होंने कंप्यूटर जाने बिना कॅरिअर शुरू कर दिया था।

टीचर्स फेस्ट

## अक्षय पात्र मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा, बोले...

# विद्यार्थियों में हो अर्जुन के जैसी जिज्ञासा





बेधड़क | जयपुर

शिक्षक दिवस पर हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा 'टीचर्स फेस्ट–2024' का आयोजन अक्षय पात्र मंदिर में किया गया। इस अवसर पर सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा के साथ मैनेजिंग एडिटर एंड जनरल मैनेजर दशरथ सिंह, हरे कृष्ण मूमेंट जयपुर के मीडिया प्रवक्ता सिद्ध स्वरूप दास भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में विनायक शर्मा ने कहा कि भगवान कृष्ण ने कहा था 'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्' भारत में ही क्यों? क्योंकि धर्म केवल भारत में ही है। लेकिन, इस धर्म को पूरे विश्व में पहुंचने का कार्य 'हरे कृष्ण मूवमेंट' ने किया है। सौभाग्य की बात है विश्व के सबसे बड़े शिक्षक कृष्ण के स्थल पर ही शिक्षक दिवस का आयोजन किया जा रहा है।



### महाभारत से समझाया गुरु का महत्व

विनायक शर्मा ने गुरु के महत्व को समझाते हुए महाभारत के वाक्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब अर्जुन के सामने अपने ही लोग खड़े थे तो उस समय इतने बड़े धनुर्धारी अर्जुन के सामने उदासी छा गई। उस समय भगवान श्री कृष्ण ने गुरु बन कर धनुर्धारी अर्जुन को रास्ता दिखाया। तब जाकर अर्जुन ने धनुष उठाकर विजय प्राप्त की, इस बात का सीधा सा अर्थ है कि आप भले ही कितने ही एक्सपर्ट क्यों ना हो जाए, लेकिन आपके जीवन में गुरु की आवश्यकता जरूर पड़ेगी।

### सारथी श्री कृष्णा होंगे तो श्री विजय मिलेगी

विनायक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में अर्जुन जैसी जिज्ञासा होनी चाहिए कि सवाल पर सवाल पूछे। भगवान श्री कृष्ण के बार-बार समझाने के बावजूद भी अर्जुन ने कई बार सवाल किए। जब अर्जुन को भगवान श्री कृष्ण पर विश्वास नहीं हुआ तो उन्होंने अपने विशाल स्वरूप के दर्शन करवाए। अर्जुन ने भगवान श्री कृष्णा पर विश्वास किया और उनके प्रति समर्पण का भाव रखा। आज के विद्यार्थियों को मैं यही संदेश देना चाहूंगा कि आप अर्जुन की भांति जिज्ञासा रखिए। जब आपके सारथी श्री कृष्णा होंगे तो आपको विजय नहीं श्री विजय मिलेगी। विजय और श्री विजय में अंतर बताते हुए आगे विनायक शर्मा ने कहा कि विजय तो छल कपट से मिल जाती है, लेकिन उसमें यश नहीं होता। श्री विजय में यश होता है।

### आत्मा का ज्ञान होना जरूरी

शाश्वत विकास के बारे में बात करते हुए विनायक शर्मा ने कहा कि मनुष्य के द्वारा जिस भी चीज का विकास किया गया है वह एक न एक दिन जरूर खत्म हो जाएगा। मनुष्य योनि में आने के बाद आत्मा का ज्ञान होना व्यक्ति के लिए बहुत जरूरी है। इंद्रियों से जो भी बाहरी भौतिक ज्ञान मिला उससे आपका जीवन यापन तो हो सकता है, लेकिन यह आपको कालचक्र से मुक्त नहीं कर पाएगा। इसलिए आज ये महत्वपूर्ण है कि हमें आत्मा का ज्ञान जरूर होना चाहिए।

## रामदेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा





**बेधड़क. जयपुर।** खातीपुरा बुनकर कॉलोनी स्थित प्राचीन बाबा रामदेवजी महाराज मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद नवीन मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दो दिवसीय समारोह गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। बुनकर कॉलोनी विकास समिति के युवा कार्यकर्ताओं ने आगुन्तको का स्वागत किया। इससे पूर्व मंदिर में बाबा की नयनाभिराम मूर्ति स्तापित की गई। समारोह में नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, कांग्रेसी अभिषेक चौधरी, प्रदेश बलाई महासभा प्रदेशाध्यक्ष हरिनारायण भामनिया सहित कई लोग मौजूद रहे। शाम को विशाल भंडारे में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण करते हुए जयकारे लगाए।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 8 को

**बेधड़क. जयपुर।** श्रीमाथुर चतुर्वेदी युवा सभा की ओर से समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह 8 सितंबर को शिवदासपुरा में होगा। सभा अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम में 2015 से 2024 के बीच विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य और उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसमें राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षक, यूपीएससी, आरपीएससी, सीए, मेडिकल, आईआईटी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों और शिक्षा व नौकरी में विलक्षण उपलब्धि प्राप्त समाजजन आवेदन कर सकते हैं।

## कल जाएगी आशावरी पदयात्रा




**जयपुर।** आशावरी माता की 17वीं पदयात्रा शनिवार को प्रातः 7:15 बजे भोमिया बाबा के मंदिर हरनाथपुरा से रवाना होगी। भक्तगण पदयात्रा में गाते-बजाते नाचते हुए दौसा के लिए प्रस्थान करते हैं। माता, बहने, बड़े-बुजुर्ग और बच्चे युवा वर्ग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता हैं। जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत किया जाता है। उसके बाद 8 सितम्बर को आशावरी माता के मंदिर में पदयात्रा पहुंचती है। आशावरी माता सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि समस्त झाड़ोलिया परिवार के भक्तगण हजारों की संख्या में हर वर्ष इस पद यात्रा में भाग लेते है और दौसा आशावरी माता के मंदिर में ढोक लगाते हैं। इसके बाद पंगत प्रसादी का आयोजन किया जाता है जिसमें भक्तगण हजारो की संख्या में प्रसादी पाते हैं।

# City इवेंट्स

## शांतिसागर का समाधि दिवस मनाया



**बेधड़क, जयपुर।** ज्योति नगर जैन मंदिर में गुरुवार को दिगंबर जैन धर्म के पहले आचार्य शांति सागर का समाधि दिवस मनाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि अभिषेक शांतिधारा के बाद आचार्यश्री की जीवनी और अंतिम उपदेश के पोस्टर के साथ सजे आचार्य के चित्र के समक्ष दीप ज्योति प्रज्वलित की गई तथा श्रीफल तथा अष्ट द्रव्य समर्पित किए गए। शिखर चंद जैन ने बताया कि आचार्य शांति सागर ने कुंथलगिरी में 36 दिन की संल्लेखना में केवल 12 दिन जल ग्रहण किया तथा भाद्र शुक्ला दोज रविवार 1955 को देह का त्याग कर दिया। इस अवसर पर समडोली में मुनि विद्यासागर के सान्निध्य में चल रहे दीक्षा शताब्दी समारोह की भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रबंध समिति महिला मंडल युवा मंच सहित समाज के प्रबुद्ध सदस्यों की उपस्थिति रही।

## आज मनाई जाएगी रोट तीज

**बेधड़क, जयपुर।** राजधानी में शुक्रवार को रोट तीज मनाई जाएगी। इस मौके पर घर-घर रोट बनेंगे। दिगम्बर जैन धर्मावलम्बियों का रोट तीज पर्व जैन मंदिरों में होगा। मंदिरों में तीन चौबीसी पूजा विधान का आयोजन होगा। घरों में रोट खीर बनाकर अन्य धर्मों के लोगों व मित्रों को खिलाया जाएगा। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार त्यौहार का बड़ा महत्व है। शुक्रवार को श्रद्धालुओं द्वारा रोट, घी, बूरा व तुरई का रायता बनाया जाएगा।

## जेकेके में 'युवा नाट्य उत्सव' कल से



**बेधड़क, जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र जयपुर और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर की ओर से उदयपुर में दो दिवसीय युवा नाट्य उत्सव का आयोजन होगा। उत्सव में जवाहर कला केन्द्र की युवा नाट्य निर्देशक अनुदान योजना 2023-24 के में चयनित युवा निर्देशकों के नाटकों का मंचन किया जाएगा। 7 सितंबर को देशराज गुर्जर के निर्देशन में 'गोरधन के जूते' नाटक होगा। 8 को अनुराग सिंह राठौड़ के निर्देशन में वरिष्ठ साहित्यकार मनीषा कुलश्रेष्ठ की कहानी पर आधारित 'कठपुतलियां' नाटक होगा।

## JKK में 6-8 तक होगा 'सुर ताल' उत्सव

# संगीत, नृत्य और फोटोग्राफी से 3 दिन सजेगी 'जयपुरी शाम'



बेधड़क | जयपुर

जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार से तीन दिनों तक हवेली संगीत, कोरियोग्राफ्ड नृत्य, शास्त्रीय गायन, ओडिसी नृत्य और गजल गायन से सुरों की महफिल सजेगी। मौका होगा डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की ओर से 8 सितंबर तक उत्सव 'सुर ताल' का। डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि सुरताल उत्सव में तीन दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें मुंबई के फोटोग्राफर शिरीष कर्राले फोटोग्राफी के गुर सिखाएंगे।

कार्यशाला में अभ्यास आधारित प्रैक्टिकल सेशन होंगे और प्रतिभागी फोटोग्राफी के नए-नए पहलू सीखेंगे। सुर ताल उत्सव के पहले दिन शाम 6:30 बजे आचार्य स्वामी गुरु रणछोड़लाल के हवेली संगीत से कार्यक्रम शुरु होगा। दिल्ली के कोरियोग्राफर संतोष नायर के 30 सदस्यीय दल द्वारा विभिन्न नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। उत्सव के दूसरे दिन 7 सितंबर को जयपुर के शास्त्रीय गायक सौरव वशिष्ट की प्रस्तुति होगी।

उदयपुर के ओडिसी गुरु कृष्णेनेंदु साहा के दल द्वारा ओडिसी नृत्य की कलात्मक प्रस्तुति होगी। अंतिम दिन गजल की प्रस्तुति होगी, जिसमें डॉ. प्रेम भंडारी, डॉ. देवेंद्र हिरण व डॉ. पामिल मोदी प्रस्तुति देंगे।

## महापुरा में आज होगा सनातन जयघोष समारोह

# सनातन धर्म के आम जीवन में महत्व पर होगा व्याख्यान



बेधड़क | जयपुर

सर्वमंगलाए सनातन धर्म फाउंडेशन की ओर से सनातन जयघोष समारोह का शुभारंभ शुक्रवार सुबह 10:30 बजे परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अंतरराष्ट्रीय संत चिदानंद सरस्वती महापुरा में करेंगे। सनातन जयघोष समारोह में व्याख्यान व आशीर्वचन होंगे। फाउंडेशन संस्थापक योगाचार्य योगी मनीष ने बताया कि स्व. खुशाली विजयवर्गीय की स्मृति में पल्लवित संस्थान के तहत वार्ड स्तर पर विचार गोष्ठी, योग शिविरों व संतों के सत्संग आयोजित कराने के प्रयास फाउंडेशन करेगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा, जयपुर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर रहेंगी। समारोह स्वागत समिति अध्यक्ष अध्यक्ष गोकुलदास महेश्वरी ने बताया कि समारोह में चिदानंद सरस्वतीजी व साध्वी भगवती सरस्वती व्याख्यान में वर्तमान समय में सनातन धर्म और उसकी पद्धतियों का आम जीवन में आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व बताएंगे। मुख्य समन्वयक राकेश गर्ग व सलाहकार आनंद कृष्ण कोठारी ने बताया कि 51 सदस्यीय आयोजन समिति व 51 सदस्यीय स्वागत समिति बनाई गई है। समारोह में इंडियन योगा एसोसिएशन, क्रीड़ा भारती, अंतरर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, योगापीस संस्थान, संस्कृति युवा संस्थान, जयपुर योगा लीग व सर्व सुखम समग्र स्वास्थ्य केंद्र सहयोगी है।

कार्यशाला | महिलाओं और बच्चों को मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण

# कौशल को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बेधड़क | जयपुर

आदर्श नगर जोन के वार्ड 78 के नाग तलाई क्षेत्र में हेरिटेज निगम की ओर से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में बच्चों और स्थानीय महिलाओं को मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा बनाने की कला सिखाई जा रही है।

यह आयोजन न केवल कला कौशल को बढ़ावा देने के लिए है, बल्कि इसके पीछे एक बड़ा उद्देश्य है पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना।




### हेरिटेज निगम की ब्रांड एम्बेसडर और प्रशिक्षक

कार्यशाला का नेतृत्व हेरिटेज निगम की ब्रांड एम्बेसडर कर्णिका बाई कर रही हैं। उनके साथ, प्रशिक्षकों की एक अनुभवी टीम, जिसमें पूनम, कनिष्का और संजना चौहान शामिल हैं, बच्चों और महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही हैं। इस प्रशिक्षण में बच्चों को गणेश जी की प्रतिमा बनाने के विभिन्न चरणों के बारे में सिखाया जा रहा है, जिसमें मिट्टी का चयन, आकार देना और प्रतिमा को अंतिम रूप देना शामिल है।

### 100 से अधिक बच्चे और महिलाएं ले रही हैं हिस्सा

इस कार्यशाला में 100 से अधिक बच्चे और स्थानीय महिलाएं भाग ले रही हैं। बच्चों में जहां कला के प्रति रुचि देखने को मिल रही है, वहीं महिलाओं ने भी इसे आत्मनिर्भरता का जरिया माना है। यह कार्यशाला सामाजिक जुड़ाव और सामुदायिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित कर रही है।

### प्रकृति संरक्षण और स्वच्छता जागरूकता अभियान

यह आयोजन हेरिटेज निगम की प्रकृति संरक्षण और स्वच्छता जागरूकता अभियान का हिस्सा है। इसके तहत न केवल पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरूकता फैलाई जा रही है, बल्कि स्वच्छता और कचरे के सही प्रबंधन पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। मिट्टी के गणेश जी बनाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) के बजाय प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने का संदेश भी दिया जा रहा है।

शिक्षक कभी साधारण नहीं होता,
प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## वेस्ट बैंक में इजराइल का सबसे भीषण हमला

# 33 लोगों की मौत, 140 से अधिक जखमी



**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा में पिछले साल 7 अक्टूबर से युद्ध चल रहा है. इस बीच इजराइल ने गाजा और वेस्ट बैंक में हमले तेज कर दिए हैं। इजराइल ने वेस्ट बैंक पर भीषण हवाई हमले किए हैं। जिसमें 33 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 140 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

रामल्लाह स्थित मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मृतकों में जेनिन में 19, टुबास में चार और तुलकरम में सात फिलिस्तीनी शामिल हैं। जो सभी उत्तरी पश्चिमी तट पर स्थित हैं, साथ ही दक्षिण में हेब्रोन में तीन दूसरे भी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि सेना ने बुधवार को लगातार आठवें दिन जेनिन शहर और उसके शिविर के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा।

### सुरक्षा परिषद के सदस्यों का धैर्य हो रहा खत्म

यदि इजराइल और फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) जल्द से जल्द युद्धविराम समझौते पर पहुंचने में विफल रहते हैं, तो सुरक्षा परिषद कार्रवाई कर सकती है। स्थानीय समयानुसार 3 सितंबर को, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के रोटेटिंग अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र में स्लोवेनिया के स्थाई प्रतिनिधि सैमुअल ज़बोगर ने यह बात कही। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि 4 सितंबर की दोपहर को सुरक्षा परिषद मध्य पूर्व की स्थिति, खासकर फिलिस्तीन और इज़राइल के बीच की स्थिति पर एक बैठक करेगी। बताया जाता है कि इस बैठक का अनुरोध क्रमशः इजराइल और अल्जीरिया द्वारा किया गया था। इस बैठक में हमास द्वारा कैद किये गये इजराइली नागरिकों के मुद्दे और जॉर्डन नदी के पश्चिमी तट में इजरायल के सैन्य अभियान आदि कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### जेनिन शहर मकानों पर चला बुलडोजर

न्यूज रिपोर्ट में कहा गया है कि अभियान ने पानी और बिजली Aनेटवर्क सहित बुनियादी ढाचों को नष्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही कई मकानों को गिरा दिया गया है। वहीं, फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी के आयुक्त-जनरल फिलिप लाजारिनी ने मंगलवार को कहा कि जेनिन हिंसा और विनाश से तबाह हो गया है।

## पाकिस्तान पस्त! अंदर आतंकी कर रहे लगातार हमले

# बॉर्डर पर पीट रहे तालिबानी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

अफगान तालिबान और पाकिस्तान के बीच बॉर्डर पर नई जंग शुरू हो चुकी है, जो परेशानी का सबब बन गई है। इस संबंध में अफगानिस्तान के खामा प्रेस की रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट के अनुसार बुधवार शाम करीब 7 बजे खोस्त प्रांत के जाजी मैदान जिले में काल्पनिक डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना के साथ गोलाबारी हुई। दोनों ओर से भारी हथियारों से काफी देर तक गोलाबारी हुई। स्थानीय सूत्रों के हवाले से जो खबर आई है उसके अनुसार अफगान बल डूरंड लाइन से लगे सीमावर्ती इलाके में नई चौकियों का निर्माण कर रहे हैं। इस वजह से दोनों देशों के बीच तनाव है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा को लेकर विवाद चल रहा है। खामा प्रेस ने बताया कि अफगान तालिबान के बल 3 दिनों से चौकी का निर्माण कर रहे हैं, जिसपर पाकिस्तान ने अपत्ति जताई. ताजा गोलीबारी में दोनों तरफ के कई लोगों के मारे जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।



### अगस्त में कितने आतंकी हमले

पाकिस्तान में आतंकी हमलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अगस्त 2024 में कुल 59 आंतकी हमले पाकिस्तान में हुए। इन हमलों में 84 लोगों की जान चली गई, जबकि इससे पिछले माह यानी जुलाई में ऐसे 38 हमले हुए थे। इस्लामाबाद स्थित थिंक-टैंक 'पाक इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज' (पीआईपीएस) के आंकड़ों से यह बात सामने आई है। अगस्त में हुए 59 हमलों के साथ 2024 में कुल हमलों की संख्या 325 हो गई है।

### पाकिस्तान में कहां हुए आतंकी हमले

पाक प्रिंट मीडिया में पाकिस्तान में हुए हमलों पर एक खबर प्रकाशित की है। इसमें पीआईपीएस के आंकड़ों का जिक्र किया गया है, जिसके अनुसार सबसे ज्यादा 29 आंतकी हमले खैबर पख्तूनख्वा में हुए, इसके बाद बलूचिस्तान में 28 और पंजाब में दो हमले हुए जिनमें 84 लोगों को जान गंवानी पड़ी और 166 अन्य घायल हुए। आंकड़ों से पता चलता है कि 2006 से अब तक 17,846 आतंकी हमले हुए जिनमें 24,373 लोगों की जान चली गई जबकि 48,085 अन्य घायल हुए।

## इजराइल ने तोड़ी हिजबुल्लाह की कमर, जोरदार एयर स्ट्राइक

# 1000 रॉकेट लॉन्चरों को कर दिया नेस्तनाबूद

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल में लेबनान आतंकियों के हमले के जवाब में इजराइली सेना ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि जवाबी हमले लेबनानी क्षेत्र से दर्जनों रॉकेट दागे जाने के बाद किए गए।



### PM बेंजामिन नेतन्याहू ने कही बात

वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि इजराइल दक्षिणी गाजा और मिस्त्र के बीच सीमा क्षेत्र से अपने सैनिकों को तब तक नहीं हटाएगा जब तक कि यह गारंटी न हो कि इसे इस्लामी आंदोलन हमास के लिए जीवन रेखा के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए इजराइल रक्षा बल (आइडीएफ) ने कहा कि लेबनान से उत्तरी इजराइल में लगभग 65 राकेट दागे गए हैं। इससे पहले 25 अगस्त को आइडीएफ ने कहा था कि ईरान समर्थित समूह हिजबुल्लाह ने लेबनान की राजधानी बेरूत में अपने वरिष्ठ कमांडर फुआद शुक्र की हत्या के प्रतिशोध में इजराइल की उत्तरी सीमा पर 200 से अधिक राकेट और ड्रोन दागे थे। इससे इजराइल की ओर से जवाबी कार्रवाई हुई, जिसने पूरे दक्षिण लेबनान में बमबारी की गई।






## अंतरिक्ष में होने वाली मुश्किल

# सुनीता विलियम्स की बढ़ रही लंबाई!

■ सुनीता और बैरी तीन माह से फंसे हुए हैं स्पेस स्टेशन पर

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर तीन माह से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर फंसे हुए हैं। दोनों बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से स्पेस स्टेशन पर गए थे, जहां एक सप्ताह बिताकर दोनों को धरती पर वापसी करनी थी, लेकिन स्टारलाइनर में खराबी के बाद उनकी वापसी को टाल दिया गया।

अब स्पेसशिप अंतरिक्ष यात्रियों को लिए बिना ही वापस लौट रहा है। नासा ने बताया है कि विलियम्स और विल्मोर को अगले साल फरवरी में वापस लाने की योजना है। इस बीच सुनीता का एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने अंतरिक्ष में होने वाली मुश्किलों के बारे में बताया है।

### माइक्रो ग्रेविटी का बॉडी पर असर

भारत की यात्रा के दौरान विलियम्स ने स्कूली छात्रों से बातचीत की थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि कैसे मनुष्य का शरीर अंतरिक्ष में माइक्रो ग्रेविटी के वातावरण में अलग परिस्थितियों का सामना करता है। उन्होंने नाखूनों और बालों के बढ़ने के बारे में बात की और यह भी बताया था कि जब कोई इंसान अंतरिक्ष में होता है तो उसकी लंबाई बढ़ जाती है। उन्होंने बताया था कि 'आपके पैरों पर पपड़ी गायब हो जाती है, क्योंकि आप नहीं चलते हैं। नाखून और बाल तेजी से बढ़ते हैं। गुरुत्वाकर्षण के बिना चेहरे पर झुर्रियां दूर हो सकती हैं।

### अंतरिक्ष में क्यों होता है ऐसा

सुनीता विलियम्स ने यह भी कहा था कि आपकी रीढ़ भी फैलती है, जिससे आप अंतरिक्ष में थोड़े लंबे हो जाते हैं। धरती पर वापस लौटने के बाद ये बदलाव खत्म हो जाते हैं। आप गुरुत्वाकर्षण से बच नहीं सकते और अपनी सामान्य लंबाई पर वापस आ जाते हैं। अंतरिक्ष में माइक्रोग्रेविटी की स्थिति के चलते कोई गुरुत्वाकर्षण बल काम नहीं करता है, जो शरीर को तनाव दे सके। इसकी वजह से हड्डियों का घनत्व और मांसपेशियों का द्रव्यमान काफी कम हो जाता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl